www.epaper.azadsipahi.com
*
ओड़िशा संस्करण
17 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 07, अंक 328



## शुभकामनाएं

भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, झारखंड एवं समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

## अवकाश की सूचना

भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितंबर 2022 को आजाद सिपाही कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 19 सितंबर 2022 को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

SURJABASHA




### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एससीओ की बैठक को किया संबोधित

# भारत में 70 हजार स्टार्टअप और 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न : मोदी

- प्रधानमंत्री ने कहा : हम अनुभव साझा करने को तैयार

एजेंसी

**समरकंद।** उज्बेकिस्तान के समरकंद में हो रही शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) की बैठक का पहला राउंड खत्म हो गया है। इस मीटिंग में एससीओ के सुधार और विस्तार, रीजनल सिक्योरिटी, सहयोग, कनेक्टिविटी को मजबूत करने और व्यापार को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत एससीओ सदस्यों के बीच अधिक सहयोग और विश्वास का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया कोविड महामारी से उबर रही है। यूक्रेन क्राइसिस और कोरोना की वजह से ग्लोबल सप्लाई चेन में कुछ दिक्कतें आयी हैं। विश्व ऊर्जा और खाद्य संकट का सामना कर रहा है। एससीओ देशों के बीच सप्लाई चेन विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए बेहतर कनेक्टिविटी की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि इस साल भारत की अर्थव्यवस्था के 7.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। मुझे खुशी है कि भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।




प्रधानमंत्री ने कहा कि हम भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब में बदलना चाहते हैं। भारत का युवा और वर्क फोर्स उसे स्वाभाविक रूप से कॉम्पिटिटिव बनाता है। अर्थव्यवस्था में 75% वृद्धि की आशा है, जो दुनिया की बड़ी इकोनॉमी में सबसे ज्यादा है। टेक्नोलॉजी के उचित उपयोग पर भी फोकस किया जा रहा है। हम इनोवेशन का समर्थन कर रहे हैं। भारत में 70 हजार से अधिक स्टार्टअप हैं, इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न हैं। हम नये स्पेशल वर्किंग ग्रुप की स्थापना करके एससीओ सदस्यों के साथ अनुभव साझा करने के लिए तैयार हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व आज एक और बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है, वो है नागरिकों की खाद्य सुरक्षा निश्चित करना। इसका समाधान मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देना है। 2023 को ईयर ऑफ मिलेट्स के तौर पर मनाया जायेगा।

## यूक्रेन से जंग जल्द खत्म हो : पुतिन

पुतिन ने मोदी से कहा कि मैं यूक्रेन से जंग पर आपकी स्थिति और आपकी चिंताओं से वाकिफ हूं। हम चाहते हैं कि यह सब जल्द से जल्द खत्म हो। हम आपको वहां क्या हो रहा है, इसकी जानकारी देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की तरफ से की गयी फर्टिलाइजर की मांग को हम पूरा करेंगे। ऊर्जा के क्षेत्र में हम मदद करेंगे। भारत-रूस को वीजा फ्री टूरिज्म पर विचार करना चाहिए।

## मोदी और पुतिन के बीच हुई लंबी बातचीत



ताशकंद (एजेंसी)। उज्बेकिस्तान के समरकंद में एससीओ की मीटिंग के इतर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब 50 मिनट बातचीत हुई। पीएम मोदी ने कहा कि समस्याओं का समाधान जंग से नहीं निकलता है, शांति के रास्ते पर आगे बढ़ना होगा। आप समस्याओं का हल निकालें। आपके और यूक्रेन की मदद से हम यूक्रेन के शहरों से अपने स्टूडेंट्स को सुरक्षित निकाल पाये। आप दोनों का आभार। मोदी ने कहा कि आने वाले दिनों में हम शांति की ओर कैसे बढ़ें। इस पर चर्चा करने का मौका मिलेगा। हम दोनों देशों के संबंधों को इसलिए महत्व देते हैं, क्योंकि पिछले कई दशकों से हम एक साथ रहे हैं। यह पूरी दुनिया जानती है। मैं सबसे पहले आपको 2001 में मिला। हमारी दोस्ती 22 साल की हो गयी है। हम दोनों मिल कर रीजन की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। हमें विश्वास है आने वाले दिनों में हमारे संबंध गहरे होंगे।

# सीएम के अधिवक्ता ने निर्वाचन आयोग से मंतव्य की रिपोर्ट मांगी

### पत्र में हेमंत सोरेन के मामले का किया जिक्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पर लगे आरोप (ऑफिस ऑफ प्राफिट मामला) में फैसला जल्द चाहते हैं। इसके लिए राज्यपाल रमेश बैस से वह आग्रह कर चुके हैं। साथ ही मुख्यमंत्री की तरफ से अधिवक्ता वैभव तोमर और मलक भट्ट ने इस संबंध में निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है। उन्होंने अपने मुवक्किल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरफ से यह पत्र लिखा है।

पत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामले पर आयोग में हुई सुनवाई का जिक्र करते हुए कहा गया है कि कृपया हमारे मुवक्किल को कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने में सक्षम बनाने के लिए जल्द से जल्द राय की प्रति दें।

## आयोग में रखी जा चुकी है सारी बातें

अधिवक्ता वैभव तोमर ने भारत निर्वाचन आयोग के सचिव को पत्र लिखा है। इसमें भाजपा और हेमंत सोरेन के बीच रिफरेंस केस संख्या 3 (जी) 2022 का जिक्र किया गया है। पत्र में लिखा गया है कि हम अपने मुवक्किल प्रतिवादी हेमंत सोरेन के लिए चिंतित हैं। आयोग द्वारा जारी नोटिस के अनुसरण में हमारे मुवक्किल ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से उत्तर दाखिल किया था। आयोग के समक्ष 8 और 12 अगस्त को तर्क दिया गया था, जिसके अनुसरण में 12 अगस्त को आदेश सुरक्षित रखे गये थे। आयोग के निर्देश पर हम 18 आगस्त को लिखित प्रस्तुतियां दाखिल कर चुके हैं।

## मीडिया में बात आने का किया जिक्र

पत्र में अधिवक्ता ने कहा कि अब हमें मीडिया रिपोर्टों से पता चला है कि चुनाव आयोग ने अपने मंतव्य को झारखंड के राज्यपाल को भेज दिया है। हम आयोग द्वारा राज्यपाल को दी गयी राय की एक प्रति उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हैं।

## पत्र से स्पष्ट कोर्ट जाने की है तैयारी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधिवक्ता द्वारा निर्वाचन आयोग को भेजे पत्र से साफ है कि मुख्यमंत्री इस मामले को लेकर कोर्ट में जाने की दिशा में बढ़ रहे हैं। पत्र में साफ कहा गया गया है कि कृपया हमारे मुवक्किल को कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने में सक्षम बनाने के लिए जल्द से जल्द राय की प्रति दें। यह दिखाता है कि हेमंत सोरेन कानूनी रूप से भी तैयारी में जुटे हैं।






आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 46,900 रु./10 ग्राम
चांदी 57,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 17 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान : देश में अवसंरचना का विकास



नितिन गडकरी

**वर्ष** 2014 में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी द्वारा एक आत्मनिर्भर राष्ट्र, जिसमें समाज के सभी वर्गों को समस्त बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों, बनाने के लिए अपनी अथक यात्रा शुरू करने के समय से ही 'अद्भुत तेज गति के साथ बड़े पैमाने पर विकास' एक नये उभरते भारत की विशिष्ट पहचान बन गया है।

दक्षता एवं पारदर्शिता के साथ-साथ अंतिम व्यक्ति तक सेवाओं की तेज और सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने की कार्य संस्कृति विकसित करने में काफी हद तक सफल होने के बाद यह सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र और वर्ष 2024-25 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की परिकल्पना के साथ विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों व राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय एवं तालमेल के जरिए और भी अधिक ऊंचाइयों को छूना चाहती थी।

वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री ने 'पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' शुरू किया है। एक नये भारत के निर्माण के लिए अवसंरचना क्षेत्र की 'गति' को और भी अधिक 'शक्ति' दी जानी थी। प्रधानमंत्री ने कहा था आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ अगले 25 वर्षों के लिए भारत की नींव रखी जा रही है। हमने परियोजनाओं को न केवल समय पर पूरा करने की कार्य संस्कृति विकसित की है, बल्कि परियोजनाओं को निर्धारित समय से पहले ही पूरा करने का अथक प्रयास किया जा रहा है।

इस मास्टर प्लान ने यह भी साबित कर दिखाया कि आखिरकार किस तरह से भारत ने देश में सभी विकास गतिविधियों को बाधित करने वाली महामारी के भू-राजनीतिक संकट के अत्यंत कठिन समय का मुकाबला करने के बाद काफी तेजी से प्रगति करने के लिए दृढ़ संकल्प लिया था।

प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित इस मास्टर प्लान का लक्ष्य अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह दरअसल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसने देश के विभिन्न हिस्सों, विशेष कर सभी आकांक्षी जिलों, जनजातीय इलाकों, पहाड़ी क्षेत्रों और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में व्यापक और समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति के लिए अवसंरचना कनेक्टिविटी परियोजनाओं के एकीकृत नियोजन और समन्वित कार्यान्वयन के लिए मेरे सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सहित 16 केंद्रीय मंत्रालयों को एक साथ ला दिया है।

पिछले कुछ वर्षों में, सरकार ने एक समग्र दृष्टिकोण के साथ अवसंरचना संबंधी विकास पर अभूतपूर्व रूप से ध्यान दिया है।



इस कदम ने अवसंरचना की प्रमुख परियोजनाओं के हितधारकों के लिए समग्र योजना को संस्थागत बनाकर पुरानी समस्याओं को हल करने में मदद की है। इस राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत अलग-अलग हिस्सों में बंटकर योजना बनाने और उसकी रूपरेखा तैयार करने के बजाय, परियोजनाओं को एक ही मंच पर एक साझा दृष्टिकोण के साथ डिजाइन व कार्यान्वित किया जायेगा।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश भर में अत्याधुनिक मल्टी-मोडल अवसंरचना के निर्माण की गति को आगे बढ़ाते हुए इस राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत महत्वपूर्ण प्रगति की है।

> “प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित इस मास्टर प्लान का लक्ष्य अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह दरअसल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसने देश के विभिन्न हिस्सों, विशेष कर सभी आकांक्षी जिलों, जनजातीय इलाकों, पहाड़ी क्षेत्रों और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में व्यापक और समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति के लिए अवसंरचना कनेक्टिविटी परियोजनाओं के एकीकृत नियोजन और समन्वित कार्यान्वयन के लिए मेरे सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सहित 16 केंद्रीय मंत्रालयों को एक साथ ला दिया है।

माननीय प्रधानमंत्री हमेशा मंत्रिमंडल के समक्ष मेरी विभिन्न प्रस्तुतियों में नये पहलू सुझाते हैं और रचनात्मक विचार देते हैं। वह लगातार निरीक्षण करते हैं और कुछ सबसे प्रतिष्ठित परियोजनाओं के मामले में, व्यक्तिगत रूप से प्रगति की निगरानी भी करते हैं और सभी हितधारकों, विशेष रूप से कामगारों, को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ऐसा ही एक मामला उन दो सड़क परियोजनाओं का था, जिनका उद्देश्य मेरे गृह राज्य महाराष्ट्र में मंदिर वाले शहर पंढरपुर की कनेक्टिविटी में सुधार करना था।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन परियोजनाओं का शिलान्यास किया था। उन्होंने श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज पालकी मार्ग के पांच खंडों और श्री संत तुकाराम महाराज पालकी मार्ग के तीन खंडों को चार लेन का बनाने के कार्य का शिलान्यास किया था।

देखिए, वह कैसे जुड़ाव बनाते हैं। उन्होंने 'मेरे वारकरी भाइयों' से आशीर्वाद के रूप में तीन चीजें मांगीं - राजमार्गों के किनारे के पेड़, सड़कों के किनारे खास दूरी पर पीने के पानी की व्यवस्था, और पंढरपुर को भारत का सबसे स्वच्छ तीर्थस्थल बनाना। विकास के बारे में प्रधानमंत्री के विचार के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं- आधुनिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत विरासत का कायाकल्प।

हमारी भारतमाला परियोजना कार्यक्रम प्रधानमंत्री की अन्य प्रमुख पहल जैसे कि सागरमाला, समर्पित फ्रेट कॉरिडोर, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति एवं औद्योगिक गलियारे, उड़ान-आरसीएस, भारतनेट, डिजिटल इंडिया, पर्वतमाला और मेक इन इंडिया को साकार करने में मदद देने वाला और इन पहल का लाभार्थी भी है।

भारतमाला परियोजना देश भर में नए राजमार्गों के निर्माण का एक महत्वाकांक्षी केंद्र - प्रायोजित कार्यक्रम है। इसमें जनजातीय एवं पिछड़े इलाकों सहित दूर-दराज की सीमावर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों को कनेक्टिविटी प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया है।

भारतमाला परियोजना के हिस्से के रूप में भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) विभिन्न ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और 35 मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कर रहे हैं।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेसवे, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे, बेंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे, अंबाला-कोटपुतली एक्सप्रेसवे, अमृतसर-भटिंडा-जामनगर एक्सप्रेसवे, रायपुर-विजाग एक्सप्रेसवे, हैदराबाद-विजाग एक्सप्रेसवे, अर्बन एक्सटेंशन रोड-II, चेन्नई-सेलम एक्सप्रेसवे और चित्तौड़-थैचूर एक्सप्रेसवे कुछ ऐसे प्रमुख एक्सप्रेसवे और कॉरिडोर हैं, जो समापन के चरण में हैं।

कुछ प्रमुख अवसंरचना परियोजनाएं, जो निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं, उनमें प्रतिष्ठित जोजिला टनल और जेड-मोर्थ शामिल हैं, जो श्रीनगर और लेह को जोड़ेगी।

मेरे मंत्रालय के तहत सड़क और राजमार्ग की सभी अवसंरचना परियोजनाओं की अभूतपूर्व प्रगति और विकास हमारे माननीय प्रधानमंत्री के सक्षम व ऊर्जावान नेतृत्व तथा दूरदर्शिता के बिना संभव नहीं होगा, जो लगातार चौबीसों घंटे काम करते हैं, और जिनके प्रयासों एवं निरंतर मार्गदर्शन से न्यू इंडिया के उनके सपने को साकार करने के लिए हम लगातार प्रेरित हुए हैं।

हमारे प्रिय और सबसे प्रिय प्रधानमंत्री इस शनिवार को 72 वर्ष के हो रहे हैं, इसलिए हम सभी अपने मंत्रालय के विकास और प्रगति से जुड़े कार्यों को उनके जन्मदिन पर उनके सम्मान में समर्पित करके इस दिन को एक अनोखे तरीके से मनाने के लिए तैयार हैं।

**(लेखक : केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री हैं।)**

## अग्निपरीक्षा : हेमंत सोरेन ने अपने हिस्से का काम तो कर दिया, अब लागू कराने की है चुनौती

# 1932 का खतियान लागू होने के रास्ते में अभी कई पेंच

**झारखंड में 1932 का खतियान ही स्थानीयता का आधार होगा। इसका सीधा-सपाट मतलब यही निकलता है कि वही लोग झारखंडी कहे जायेंगे, जिनके पुरखों का नाम 1932 में हुए सर्वे के दौरान तैयार खतियान में दर्ज हैं और जमीन संबंधित वह खतियान उनके पास है। हेमंत सोरेन सरकार ने यह फैसला कर इसके लिए रास्ता तो साफ कर दिया है, लेकिन हकीकत यही है कि अभी इस प्रावधान को लागू होने के रास्ते में कई बाधाएं आयेंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह फैसला कर अपनी नीयत और मंशा साफ कर दी है, लेकिन उनके सामने आगे आनेवाली बाधाओं को दूर करना बड़ी चुनौती है। इन बाधाओं में राजनीतिक और विधायी के साथ कानूनी अड़चनें भी हैं। हेमंत कैबिनेट की बैठक में मुहर लगने के बाद अब विधानसभा में विधेयक पेश होगा। वहां से पास होने के बाद यह राज्यपाल के पास जायेगा। इस कानून को कोई चुनौती नहीं दे सके, इसके लिए इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करना होगा और यह अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। इतना सब कुछ होने के बाद यह कानून झारखंड में लागू हो सकेगा। लेकिन इन तमाम बाधाओं के साथ एक बड़ा सवाल यह पैदा हो रहा है कि झारखंड के जिन जिलों में अंतिम सर्वे 1932 की बजाय पहले या बाद में हुआ है, वहां क्या होगा। इतना ही नहीं, जो लोग 1932 के बाद या 15 नवंबर, 2000 से पहले झारखंड में आकर बस गये हैं, उनका क्या होगा। झारखंड के कई जिले तो राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश के बाद झारखंड को मिले, तो वहां बसे लोग क्या झारखंडी नहीं होंगे। ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब इतना आसान नहीं है। वैसे जिस हिम्मत और प्रतिबद्धता के साथ हेमंत सोरेन ने यह फैसला किया है, उससे तो यही उम्मीद जगती है कि वह इसे लागू कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। लेकिन फिलहाल तो इन सवालों पर चर्चा हो रही है और इनके जवाब तलाशे जाने बाकी हैं। इन सवालों के संभावित असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के स्थानीय निवासियों, यानी झारखंडियों की पहचान के लिए 1932 के खतियान को लागू करने का फैसला किया है। पहली नजर में यह फैसला झारखंड के आदिवासी-मूलवासी और सदानों के लिए किया गया नजर आता है। इस फैसले का सीधा मतलब यह होता है कि वही लोग झारखंड के स्थानीय माने जायेंगे, जिनके पूर्वजों का नाम 1932 के खतियान में दर्ज हैं। यह खतियान उस साल हुए सर्वे के बाद तैयार किया गया था। बिना किसी लाग-लपेट के इस फैसले को हेमंत सरकार का सबसे साहसिक फैसला कहा जा सकता है, जो कई साल से झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों और सदानों की भावना से जुड़ा है। निस्संदेह यह एक ऐसा फैसला है, जिसका राजनीतिक लाभ हेमंत सोरेन और झामुमो को तो मिलेगा, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हेमंत सोरेन इस फैसले को लागू करा सकेंगे।

इस सवाल का जवाब जानने के लिए एक उदाहरण ही काफी होगा। यह उदाहरण है क्रिकेटर महेंद्र सिंह धौनी का। लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या धौनी और उनकी आनेवाली पीढ़ियां झारखंडी कहलायेंगी। धौनी के पिता उत्तराखंड से यहां आये और अब यहीं बस गये हैं। लेकिन 1932 के खतियान में उनका नाम नहीं है। ऐसे में उनका परिवार इस कानून के हिसाब से बाहरी हो जायेगा।

### झारखंड में कहां कब हुआ अंतिम सर्वे

अब एक नजर डालते हैं कि झारखंड, जो उस समय बिहार में था, के जिलों में अंतिम सर्वे कब हुआ था। सरकारी दस्तावेज बताते हैं कि पिछला सर्वे सेटलमेंट विभिन्न जिलों के लिए अलग है, जैसे धालभूम के लिए यह 1906 से 1911 के बीच हुआ था और 1925 से 1928 के बीच सरायकेला में अंतिम सर्वे हुआ था। हजारीबाग के लिए 1908 से 1915 के बीच और पलामू के लिए 1913 से 1920 के बीच सर्वे हुआ था। इसी तरह सिंहभूम जिले के अंतिम गजट से पता चलता है कि चांडिल, पटमदा और इचागढ़ पुलिस थानों के क्षेत्र, जो मानभूम (पश्चिम बंगाल) जिले में थे, उन्हें वर्ष 1956 में सिंहभूम जिले में एकीकृत किया गया था। इतना ही नहीं, राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के परिणामस्वरूप 'सरायकेला' और 'खरसावां', जो ओड़िशा राज्य का हिस्सा थे, उन्हें 1948 में सिंहभूम जिले में एकीकृत किया गया। इसके अलावा झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में सर्वेक्षण अक्टूबर, 1922 में शुरू हुआ और फरवरी, 1935 में कुछ क्षेत्रों को छोड़ कर समाप्त हुआ। जो क्षेत्र छोड़े गये थे, उनमें राजमहल और गोड्डा सब डिवीजन की सौरिया पहाड़िया जनजाति की बसावट वाली पहाड़ियां, राजमहल की गंगा दियारा ट्रैक्स, दुमका, साहेबगंज, देवघर के नगर निगम और संथाल परगना के जंगल ट्रैक तथा मधुपुर शामिल थे। इस प्रकार यदि 'स्थानीय व्यक्तियों' की परिभाषा अधिकारों के अंतिम सर्वेक्षण अभिलेखों पर आधारित है, तो राजमहल, गोड्डा, दुमका, साहेबगंज, देवघर और मधुपुर के संथाल कभी भी 'स्थानीय व्यक्तियों' का प्रमाण पत्र प्राप्त करने में सक्षम नहीं होंगे, हालांकि वे झारखंड के मूल निवासी हैं।

## सियासी-विधायी से लेकर कानूनी दांव-पेंच चुनौती बरकरार



इसके अलावा अगर 1932 का खतियान लागू हुआ, तो रांची, धनबाद, जमशेदपुर और बोकारो जैसे बड़े शहरों में रहनेवाले 75 फीसदी लोग स्थानीय होने की शर्त पूरी नहीं कर पायेंगे और वे बाहरी हो जायेंगे। इन शहरों में लोग रोजी-रोजगार के लिए आये और बसते चले गये। उस समय धनबाद का तो अस्तित्व ही नहीं था। 1971 में कोयले के राष्ट्रीयकरण के पहले यहां खदानों के मालिक हुआ करते थे। उन्होंने ही यूपी और बिहार से खदानों में काम करने के लिए लोगों को बुलाया, जो यहां बसते चले गये। फिर 1952 में सिंदरी उर्वरक कारखाना शुरू होने के बाद यहां काम करने के लिए बाहरी लोग आये और यहीं बस गये। शहरी क्षेत्रों में ऐसे लोगों की संख्या अधिक है। इसी तरह रांची में 1964 में जवाहर लाल नेहरू की पहल पर एचइसी की स्थापना हुई और बड़ी संख्या में बाहर से नौकरी के लिए यूपी, बिहार और अन्य राज्यों से लोगों को यहां बुलाया गया। ये सभी यहीं बस गये।

इस कानून के लागू होने से जमशेदपुर शहर ही टाटा स्टील का हो जायेगा, क्योंकि 1932 में जमशेदपुर शहर की करीब 24 हजार बीघा जमीन का रैयतदार टाटा स्टील था। बिहार सरकार ने 1956 में बिहार भूमि सुधार अधिनियम लागू किया, तो जमींदारी प्रथा खत्म हो गयी। टाटा स्टील की जमीन का मालिक बिहार सरकार हो गयी और टाटा को यह जमीन लीज पर दी गयी। अगर 1932 का खतियान लागू हुआ, तो शहर की पूरी जमीन का स्वामित्व टाटा स्टील का हो जायेगा। सबसे ज्यादा परेशानी में पड़ेंगे 86 बस्ती के लोग, जो वर्षों से धक्के खा रहे हैं।

इसके अलावा झारखंड के करीब 50 लाख ऐसे आदिवासी-मूलवासी और सदान हैं, जिनके पास 1932 में कोई जमीन नहीं थी। इसलिए उनके पूर्वजों का नाम किसी खतियान में नहीं है। ऐसे में सवाल है कि क्या वे भी बाहरी हो जायेंगे।

### अभी झारखंड में लागू है 1985 का खतियान

झारखंड में अभी स्थानीयता का आधार 1985 का खतियान है। इसे पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने लागू किया था। फिलहाल यही लागू है। अभी तक 1985 से पूर्व राज्य में रहने वाले लोगों को ही स्थानीय माना जा रहा है।

1932 पर फैसला लेने से करीब दो महीने पहले विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे लागू करने में आने वाली कानूनी दिक्कतों का हवाला दिया था। ये दिक्कतें आज भी बरकरार हैं। अब यहां सवाल वही है कि इन दिक्कतों को कैसे दूर किया जायेगा, ताकि झारखंडियों का यह सपना पूरा हो सके। इसके लिए हेमंत सोरेन को एक कठिन अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा।

### 1932 पर सरयू राय की राय

1932 खतियान पर सरयू राय का कहना है कि हेमंत सोरेन 1932 खतियान आधारित स्थानीयता चहते हैं तो इस बारे में झारखंड हाइकोर्ट के पांच जजों की बेंच के फैसलों (2002) को चुनौती दें। 2007 में सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच का फैसला है कि जिस मामले में कोर्ट का निर्णय हुआ है, उसे 9वीं अनुसूचि में डालने पर कोर्ट समीक्षा करे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 29.4 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.51 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.36 बजे |



## आदिवासी-मूलवासी संयुक्त मोर्चा की बैठक, कहा-

# 1932 के बाद के खतियान को भी स्थानीय नीति में शामिल किया जाये

**मुख्यमंत्री से मिलकर सौंपेंगे ज्ञापन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी-मूलवासी संयुक्त मोर्चा कोर कमेटी की बैठक शुक्रवार को शिक्षाविद डॉ करमा उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड सरकार द्वारा 1932 के खतियान के आधार पर तय स्थानीय नीति का स्वागत किया गया। साथ ही कहा कि इसमें 1932 के बाद खतियान को भी इसमें शामिल किया जाये ताकि संपूर्ण झारखंड के लोगों को इसका लाभ मिल सके। स्थानीय नीति के दृष्टि से नियुक्ति नियमावली राज्य सरकार बनाये और पूर्व के नियमावली में सुधार करे। नियमावली में उल्लेखित है कि सामान्य जाति के लोग राज्य के बाहर के स्कूल कॉलेज में शिक्षा ग्रहण करते हैं, तो उन्हें झारखंड के नियोजन में अवसर नहीं मिलेगा। इसे विलोपित किया जाये। आदिवासी-मूलवासी संयुक्त मोर्चा कोर कमेटी ने कहा कि राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया में काफी विलंब हुआ है, इससे शिक्षित युवा वर्ग की आयु सीमा पार कर गयी है। ऐसी स्थिति में सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों की आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाये। इन सभी मामलों को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मिलेगा। बैठक को अंतु तिर्की, एस अली, बल्कू उरांव, सुनील सिंह, शिवा कच्छप, धनीनाथ राम साहू, धर्म दयाल साहू, दशमी टोप्पो, सुरेश कुमार पासवान, प्रवीण देवघरिया, रमजान कुरैशी, माधो कच्छप, बहुरा उरांव, गुड्डू उरांव, कुलदीप उरांव, सफी इमाम, सुरेंद्र कालिंदी रमेश करमाली, अजय कुमार मंडल ने भी अपने विचार रखे।

# देश के युवाओं को ठग रही है केंद्र सरकार : दीनबंधु



आजाद सिपाही संवाददाता

**झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बेरोजगारी दिवस के तौर पर नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनायेंगे**

**रांची।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी दीनबंधु ने कहा कि केंद्र सरकार देश के युवाओं को ठग रही है। अपने मेनिफेस्टो में भाजपा ने कई बार कहा है कि युवाओं को 15 लाख नौकरी देंगे, 2 करोड़ नौकरी देंगे मगर युवाओं को नौकरी देने में अबतक विफल रही। दीनबंधु शुक्रवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है। बेरोजगारी अपने सबसे ऊंचे पायदान पर है और गूंगे-बहरों की तरह केंद्र सरकार कार्य कर रही है। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री का जन्मदिन है। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बेरोजगारी दिवस के तौर पर नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनायेंगे। राज्य के हर जिले, विधानसभा प्रखंड तक यह कार्यक्रम किया जायेगा। मौके पर झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस के मीडिया सेल के चेयरमैन उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, सोशल मीडिया चेयरमैन संजय कुमार के अलावा उपाध्यक्ष विशाल तिर्की, महासचिव सत्यम सिंह, इमरान, सचिव अभिषेक तिवारी, मीडिया के प्रदेश कोऑर्डिनेटर देव शर्मा, अनुप्रिया, रांची महानगर के अध्यक्ष जमील अख्तर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृष | प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। |
| मिथुन | व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा। |
| कर्क | अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी। |
| सिंह | धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। |
| कन्या | संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा। |
| तुला | कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी। |
| वृश्चिक | जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी |
| धनु | सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। |
| मकर | कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| कुंभ | जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी। |
| मीन | कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा। |

# अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव के खिलाफ आरोप पत्र दायर

आजाद सिपाही संवाददाता

**राची।** अवैध खनन एवं टेंडर मैनेज करने से संबंधित मनी लांड्रिंग के मामले में आरोपी विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव के खिलाफ इडी की कोर्ट में शुक्रवार को आरोप पत्र दायर किया गया। इडी ने पंकज मिश्रा के खिलाफ करीब 5000 से अधिक पन्नों का साक्ष्य जुटाया है।

साहिबगंज में अवैध खनन का मास्टरमाइंड पंकज मिश्रा को बताया जा रहा है। उसके संरक्षण में साहिबगंज में अवैध खनन का खेल चल रहा है। बताया गया है कि राजनेता एवं ब्यूरोक्रेट के संरक्षण में यह अवैध खनन का व्यापार चल रहा है।

बता दें कि अवैध माइनिंग के जरिए लगभग 100 करोड़ रुपये की अनुमानित मनी लांड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किये गये पंकज मिश्रा को इडी ने पूछताछ के लिए पहले छह दिन और उसके बाद आठ दिन के लिए रिमांड पर लिया था, लेकिन इसी बीच तबीयत खराब होने के चलते उन्हें रिम्स में दाखिल कराया गया था।

## इडी ने नव निर्माण बिल्डर्स एंड डेवलपर्स की संपत्ति को जब्त करने का दिया आदेश

**रांची।** इडी ने नव निर्माण बिल्डर्स एंड डेवलपर्स की संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया है। इडी की विशेष कोर्ट रांची ने मेसर्स नव निर्माण बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर 80 लाख रुपये की अचल संपत्तियों को जब्त करने का आदेश दिया है, जिन्हें इसकी एक बहन के माध्यम से हासिल किया गया था। यह कंपनी झारखंड राज्य संविदात्मक कार्यों के निष्पादन के लिए बिटुमिन (अलकतरा) की खरीद दिखाने के लिए दस्तावेजों और चालानों की जालसाजी में शामिल पाया गया था। इडी ने सीबीआइ, रांची की ओर से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच बीते 8 सितंबर 2017 को शुरू की थी। इस मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी धर्मवीर भदौरिया, निदेशक मैसर्स नव निर्माण बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड की मृत्यु हो गयी। इस संदर्भ में आरोपी धर्मवीर भदौरिया के खिलाफ कार्यवाही बंद करने के लिए विशेष कोर्ट पीएमएलए के समक्ष दिनांक 28 मार्च 2022 को एक आवेदन रखा गया था। इसके अलावा, पीएमएलए, 2002 की धारा 8 (7) के तहत 31.03.2022 को विशेष कोर्ट पीएमएलए के समक्ष एक आवेदन भी प्रस्तुत किया गया था, ताकि कंपनी के नाम पर अपराध की आय से अर्जित की गयी संपत्तियों को जब्त कर लिया जा सके।

## रिम्स में सिर्फ आदेश से नहीं सुधरेगी व्यवस्था : हाइकोर्ट

**रांची।** रिम्स की लचर व्यवस्था को लेकर हाइकोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान झारखंड हाइकोर्ट ने अपने मौखिक टिप्पणी में कहा कि हर एक व्यक्ति की जान की कीमत होती है, इसलिए रिम्स प्रशासन को लोगों की जिंदगी बचाने के लिए हर संभव उपाय करना चाहिए। लोगों के इलाज के लिए आवश्यक दवाएं, कॉटन, बैंडेज, सिरिंज जैसी आम जरूरतों की चीज को स्टॉक खत्म होने के पहले ही एडवांस में मंगा लिया जाना चाहिए ताकि इसकी किल्लत न रहे। कोर्ट ने विभिन्न दवाओं व अन्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए रिम्स प्रबंधन को शपथ पत्र दाखिल करने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि रिम्स की ओर से सिर्फ आपूर्ति आदेश दे दिया जाता है लेकिन उक्त सामान उपलब्ध हुई या नहीं इस पर ध्यान नहीं दिया जाता है। सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

## भाजपा प्रदेश मुख्यालय में लगेगी मोदी पर प्रदर्शनी

# आज से भाजपा का सेवा पखवाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से भाजपा का सेवा पखवाड़ा शुरू हो रहा है। इसके तहत शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चित्र प्रदर्शनी लगायी जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश इसका उद्घाटन करेंगे। 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा में भाजपा सभी जिला, मंडल और बूथों में जनसेवा के कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। 15 तरह के सेवा कार्यक्रमों के लिए प्रदेश भाजपा की ओर से 45 नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### सेवा पखवाड़ा में रक्तदान शिविर

सेवा पखवाड़ा भाजपा सभी जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जायेगा और दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग और उपकरणों का वितरण किया जायेगा। कोविड टीकाकरण केंद्रों पर भी सेवा कार्य किया जायेगा। सभी जिलों के बूथों पर पौधरोपण कार्यक्रम और सभी मंडलों में दो दिन का स्वच्छता अभियान और जल ही जीवन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

### वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा

वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए भी जागरूकता अभियान चलेगा। टीबी मरीजों के लिए भोजन और आजीविका संबंधी कार्य किये जायेंगे। सभी जिलों में विविधता में एकता का उत्सव मनाया जायेगा। मोदी पुस्तक का विमोचन होगा। धूमधाम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी जायेगी। प्रबुद्धजन एवं बुद्धिजीवियों का सम्मेलन होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामना पत्र भेजे जायेंगे।

## लालू जा सकेंगे सिंगापुर, पासपोर्ट रिलीज करने का दिया आदेश

**रांची।** लालू यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए रांची सीबीआइ कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज की अनुमति दे दी है। कोर्ट के आदेश के बाद अब लालू यादव सिंगापुर जा सकते हैं। बता दें कि 24 सितंबर को सिंगापुर के एक अस्पताल में उन्होंने अपने इलाज के लिए अपॉइंटमेंट लिया है, लेकिन कानूनी अड़चनों के कारण वह बिना कोर्ट की इजाजत के विदेश नहीं जा सकते थे। इसलिए उन्होंने सीबीआइ कोर्ट से पासपोर्ट रिलीज करने की अनुमति मांगी थी। इसके लिए उन्होंने अपने अधिवक्ता अनंत कुमार विज के माध्यम से याचिका दाखिल की थी। शुक्रवार को सीबीआइ की स्पेशल कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद लालू यादव को पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश जारी कर दिया। लालू यादव की ओर से झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता प्रभात कुमार, अनंत कुमार विज और देवर्षी मंडल ने सीबीआइ कोर्ट में बहस की।

## वकील राजीव कुमार को बेल के लिए करना होगा इंतजार

**रांची ।** कैश कांड के आरोपी झारखंड हाइकोर्ट के वकील राजीव कुमार की जमानत याचिका पर रांची इडी की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया। इडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई के लिए 24 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। इससे पहले कोलकाता से जुड़े एक मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार को बेल मिल चुकी है। शुक्रवार को कोलकाता पुलिस की सुरक्षा में इन्हें रांची इडी की स्पेशल कोर्ट में सशरीर पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई को उनकी कोलकाता से गिरफ्तारी हुई थी। अमित अग्रवाल ने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका में राहत पहुंचाने के नाम पर अधिवक्ता ने रुपये की मांग की थी।

## महिंद्रा फाइनेंस के खिलाफ फूटा हजारीबाग के लोगों का गुस्सा

# शव के साथ किया प्रदर्शन, कार्यालय बंद कर भागे कर्मी


**पुलिस बोली, दोषी लोगों पर दर्ज किया जायेगा हत्या का मुकदमा**

**कर्जदार की गर्भवती बेटी को कुचल कर मारने का मामला**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** महिंद्रा फाइनेंस के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। इंद्रपुरी चौक स्थित कंपनी के कार्यालय के सामने गुस्साए लोगों ने उस महिला के शव के साथ प्रदर्शन किया, जिसे कंपनी के कर्मियों ने गुरुवार को अपनी गाड़ी से कुचल दिया था। प्रदर्शन की खबर मिलते ही कंपनी के अधिकारी और कर्मी कार्यालय बंद कर फरार हो गये। उनकी तलाश की जा रही है। इधर पुलिस ने कहा है कि दोषियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जायेगा। डीएसपी मुख्यालय राजीव कुमार, लोहसिंघना थाना प्रभारी अरविंद सिंह और इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने लोगों को कारवाई का भरोसा दिलाया। उसके बाद शव को मृतका के गांव डुमरौन ले जाया गया। एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि घटना में शामिल सभी लोगों पर 302 का केस दर्ज किया जायेगा। पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि कंपनी को पीड़ित परिवार को मुआवजा देना ही होगा, वरना यहां काम करना उसके लिए मुश्किल हो जायेगा। जिप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि यह



मोनिका कुमारी। फाइल फोटो

फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों की सोची-समझी साजिश है। इनकी गुंडागर्दी कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुखिया रंजीत कुमार ने कहा कि फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों के इस कृत्य को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### क्या है मामला

इचाक थाना क्षेत्र के सिझुवा गांव निवासी दिव्यांग किसान मिथिलेश मेहता ने महिंद्रा फाइनेंस कंपनी से कर्ज लेकर ट्रैक्टर खरीदा था। इसकी मासिक किस्त 14 हजार तीन सौ रुपये थी। किस्त का समय पर भुगतान किया जाता रहा। लॉकडाउन होने की वजह से कर्ज की अवधि छह माह के लिए बढ़ायी गयी और इस बाबत कंपनी ने समझौता भी किया। इस समझौते के अनुसार कर्जदार को कंपनी को 1.20 लाख रुपये देना था। गत 18 जुलाई को मेहता यह रकम देने गये, तो कंपनी के लोगों ने 10 हजार रुपये अतिरिक्त मांगे। 14 सितंबर को कंपनी का एजेंट रौशन सिंह उनके घर सिझुवा पहुंचा और 1.20 लाख रुपये देने पर पूरा कर्ज खत्म करने की बात की। मेहता ने 22 सितंबर तक पूरी रकम कंपनी में जमा कराने का वादा किया। इसी बीच गुरुवार को कंपनी के लोग एक वैगन आर (जेएच 02 बीडी 5605) से आये और बिना सूचना के ट्रैक्टर ले जाने लगे। उसी समय मेहता की गर्भवती पुत्री मोनिका कुमारी (22) वहां पहुंची और विरोध करने लगी। लेकिन वे लोग ट्रैक्टर लेकर चले गये। मोनिका ने अपने पिता को सूचना दी। इस पर मेहता अपनी बेटी को लेकर ट्रैक्टर की तलाश में निकले। एनएच 33 पर बरियठ गांव के पास उन्हें अपना ट्रैक्टर दिखा, जिसके पीछे कार भी थी। उन्होंने कार को रुकने का इशारा किया। कार रुकी और मेहता कंपनी के कर्मियों से बातचीत करने लगे। मेहता ने उन लोगों से सीजर लिस्ट मांगी, तो कर्मी नाराज हो गये। वे सभी हथियारों से लैस थे। उन्होंने मेहता और उनकी बेटी को हटने को कहा। ऐसा नहीं करने पर उन्होंने मोनिका पर कार चढ़ा दी और ट्रैक्टर वहीं छोड़ भाग निकले। मोनिका को हजारीबाग सदर अस्पताल लाया गया। वहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## रांची के व्यवसायी अंकित के घर पहुंचे दीपक प्रकाश

# सुरक्षा व्यवस्था पर उठाये सवाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के डोरंडा काली मंदिर रोड निवासी कपड़ा व्यवसायी अशोक सर्राफ के पुत्र अंकित सर्राफ उर्फ मोनू (35 वर्ष) की गुरुवार को अपराधियों ने खूंटी में हत्या कर दी। खूंटी जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र स्थित जरियागढ़ डेडेंग टोली के पास स्थित एक अर्द्धनिर्मित घर से शव को बरामद किया गया। इसकी जानकारी मिलते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने उनके घर जाकर अपनी संवेदना व्यक्त की।

### झारखंड में सुरक्षा की नहीं है व्यवस्था

मृतक अंकित के घर पहुंचे राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य में सुरक्षा व्यवस्था नहीं के बराबर है। हर दिन किसी न किसी को टारगेट किया जा रहा है। इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करे।

### क्या है मामला

पुलिस ने गुरुवार को खूंटी जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र स्थित जरियागढ़ डेडेंग टोली के पास स्थित एक अर्द्धनिर्मित घर से अंकित का शव बरामद किया था। उनकी हत्या सिर को पत्थर से कूच कर की गयी है। बताया गया कि अंकित सुबह सात बजे अपने पिता से किसी जरूरी काम से बाहर जाने की बात कह कर घर से निकले थे। पुलिस के अनुसार, अंकित सर्राफ अपनी स्कूटी से व्यवसाय के सिलसिले में जरियागढ़ गये थे। इसी दौरान अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी। स्कूटी से मिले कागजात और मोबाइल फोन के आधार पर मृतक की शिनाख्त हो पायी। इसके बाद पुलिस ने डोरंडा स्थित उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। वहीं दूसरी ओर परिजन भी कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं।

### हत्या के कारणों का नहीं चला पता

घटना के संबंध में रिश्तेदारों ने कहा कि उनकी जेब में पैसा से लेकर सब कुछ पड़ा था। उनका मोबाइल भी मिला है। परिजनों ने कहा कि उन लोगों को खुद समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उनकी हत्या क्यों कर दी गयी है। मोनू का एक छह साल का बेटा और पांच महीना की बेटी है। 6 अक्तूबर को उनका जन्मदिन है। इस संबंध में एसपी अमन कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. एम-24-कॉम्प-कॉन्ट्रैक्ट-एचटीई-11, दिनांक: 15.09.2022।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** ट्रेन सं. 18624-20801-20802-18623 (एचटीई आईपीआर एनडीएलएस एवं वापसी) के रेक लिंक के लिए प्रतिदिन तीन साल की अवधि हेतु एचटीई एवं एनडीएलएस में आरक्षित कोचों में ऑनबोर्ड कोच की सफाई, एसी कोचों में लिनेन वितरण, लिनेन की लोडिंग-अनलोडिंग तथा 3000 पैकेट लिनेन की धुलाई। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** ₹ 14,86,24,285.36। **बयाना राशि :** ₹ 8,93,100/-। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय :** 07.10.2022 को अपराह्न 03.30 बजे। **वेबसाइट विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (PR-594)






1932 खतियान का जश्न जारी

# झारखंड बचाओ मोर्चा ने सीएम का जताया आभार




### अल्बर्ट एक्का चौक पर विजय जुलूस निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार द्वारा 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति बनाने के फैसले का जश्न तीसरे दिन भी जारी रहा। झारखंड बचाओ मोर्चा ने अल्बर्ट एक्का चौक पर विजय जुलूस निकाला और सीएम हेमंत सोरेन का आभार प्रकट किया। इस मौके पर स्थानीय नीति और आदिवासियों का आरक्षण 26 से बढ़ाकर 28 फीसदी करने, ओबीसी को 14 से 27 फीसदी करने और एससी को 10 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

## पेसा कानून और सीएनटी पर जोर

झारखंड बचाओ मोर्चा ने इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी, मोर्चा ने अब सरकार से पेसा कानून, सीएनटी-एसपीटी एक्ट, वन अधिकार कानून, ट्राइबल एडवाइजरी कानून को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की। इस मौके पर एलएम उरांव, निरंजना हेरेंज टोप्पो, अजय टोप्पो, अजीत उरांव, बिरसा कच्छप, मुन्ना टोप्पो, मानू तिग्गा, माला कुजूर, प्रेमा तिर्की, एलबिन लकड़ा, विनय हेमरोम, सन्नी बिकास, निर्मल खाखा, करमा कमल लिंडा, राजेश लिंडा, किस्टोमनी टोप्पो, वीना कुजूर सहित कई लोग उपस्थित थे।

हाइकोर्ट ने रिम्स को लगायी कड़ी फटकार, मौखिक कहा

# विज्ञापन में कैसे लिखा-झारखंड के नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं

### कहा- परीक्षा अपनी तय तिथि 18 सितंबर को होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स में फोर्थ ग्रेड पर नियुक्ति से संबंधित रिट याचिका की सुनवाई के दौरान झारखंड हाइकोर्ट ने रिम्स से पूछा कि आपने कैसे विज्ञापन में लिखा है कि झारखंड के नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं। नागरिक देश का होता है, राज्य का नहीं। कोर्ट ने इस बिंदु पर रिम्स को कड़ी फटकार लगायी। साथ ही रिम्स को निर्देश दिया कि फोर्थ ग्रेड सहित अन्य के लिए किये गये नये विज्ञापन के आधार पर जो परीक्षा होगी और उसमें जो चयनित होंगे, उनकी नियुक्ति इस रिट याचिका में पारित आदेश से प्रभावित होगा।




परीक्षा अपनी तय तिथि 18 सितंबर को होगी। कोर्ट ने इस परीक्षा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। दरअसल, रिम्स में फोर्थ ग्रेड की नियुक्ति के लिए 8 मार्च 2019 को विज्ञापन निकाला गया था।

इसमें लैब अटेंडेंट तथा वार्ड अटेंडेंट के करीब 169 पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकला था, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों का चयन भी हो गया था, लेकिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया था। इसके खिलाफ प्रार्थियों की ओर से झारखंड हाइकोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर नियुक्ति पत्र निर्गत कराने का आग्रह किया गया था। हालांकि बाद में रिम्स ने इस विज्ञापन को रद्द कर दिया था। एक पीआइएल के आदेश के अनुपालन में रिम्स की ओर से 20 मई 2022 को लैब अटेंडेंट, वार्ड अटेंडेंट सहित अन्य पदों के लिए एक नया विज्ञापन निकाला गया। प्रार्थियों ने इस विज्ञापन को भी हाइकोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को हाइकोर्ट ने कहा जो सिलेक्शन होगा, वह इस रिट याचिका में पारित आदेश से प्रभावित होगा। अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी।


## महत्वपूर्ण न्यूज

### टीआरएल संकाय में बीएड की परीक्षा शांतिपूर्ण शुरू



रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा केंद्र में बीएड, फर्स्ट ईयर की परीक्षा शुक्रवार को शांति पूर्ण तरीके से शुरू हुई। टीआरएल के समन्वयक डॉ हरि उरांव ने बताया कि संघमित्रा बीएड कालेज और शास्वत बीएड कालेज के छात्र अनुशासन के साथ परीक्षा में शामिल हुए। डॉ उरांव ने बताया कि परीक्षा के दौरान कोविड के खतरे को देखते हुए एहतियात के तौर पर सोशल डिस्टेंस का पूरा ख्याल रखा गया। परीक्षा 30 सितंबर तक चलेगी।

### बरियातू स्थित यूनिक अकादमी में 29 सितंबर को डांडिया नाइट का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। नवरात्र के शुरू होते ही देशभर में गरबा और डांडिया रास का रंग चारों ओर बिखरने लगता है। मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए जगह-जगह गरबा नृत्य और डांडिया रास का आयोजन किया जाता है। खूबसूरत पारंपरिक पोशाक और डांडियों की खनक नवरात्र के इस माहौल को और भी खुशनुमा बना देते हैं। मगर जरूरी नहीं कि आपको बहुत अच्छा डांस करना आता ही हो, लेकिन दोस्तों संग डांडिया थाम कर, ट्रेडिशनल कपड़ों में डांडिया और गरबा करने का अपना ही मजा है। ऐसे में अगर आप रांची में हैं तो आप फेमस जगहों पर होनेवाली डांडिया नाइट को मिस नहीं कर सकते हैं। दो साल कोविद के बाद इस साल बरियातू स्तिथ यूनिक अकादमी डांस एंड फिटनेस स्टूडियो ने डांडिया नाइट का इवेंट आयोजन किया है। यह डांडिया नाइट 29 सितंबर दिन गुरुवार, बरियातू रोड स्तिथ रीता श्री बैंक्वेट हॉल, बर्लिन हॉस्पिटल के पास, पहाड़ी पानी टंकी के पीछे हो रहा है। जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं।

### शिक्षा मंत्री का बूटी मोड़ में स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)।1932 खतियान और ओबीसी समुदाय को 27 परसेंट आरक्षण, आंगनबाड़ी सेविकाओं को मानदेय बढ़ाने, कर्मचारियों का पेंशन शुरू करने और भी कई ऐतिहासिक फैसला लेने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो का धन्यवाद और आभार व्यक्त करने के लिए बूटी मोड़ चौक में शिक्षा मंत्री का माय माटी 1932 खतियान की ओर से फूल माला और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने इस ऐतिहासिक फैसले के लिए उनको बधाई दी। उन्होंने कहा कि काफी वर्षों से जो संघर्ष हो रहा था, उस पर विराम लग गया। झारखंड आंदोलनकारियों का सपना पूर्ण हुआ। अध्यक्ष संजय कुमार महतो ने सभी आंदोलनकारियों का धन्यवाद देते हुए आंदोलनकरियों को नमन किया। मौके पर रणधीर चौधरी, संजय कुमार महतो, जीतेंद्र महतो, सुखनाथ महतो, मुखिया अनिल लिंडा, राम ओहदार, मोहन महतो, कैलाश महतो, टिकेश्वरी देवी, विनीता देवी, सरिता देवी, राहुल कुमार, दिलीप उरांव, सुनील महतो, रवि उरांव, अजित महतो, मनोज महतो, तुलसी महतो, करमा बैठा, अशोक पंडित, सचिन महतो, कृष्ण कुमार मधुप, सूरज ओहदार, नकुल गोप, शमल महतो आदि उपस्थित थे।

### रांची हिंसा पर सुनवाई अगले सप्ताह

रांची (आजाद सिपाही)। रांची हिंसा मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होगी। शुक्रवार को जवाब दाखिल करने के लिए सरकार ने समय देने का आग्रह किया। चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने अगले सप्ताह सुनवाई निर्धारित की। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच पर असंतोषजनक जताते हुए सरकार से पूछा था कि क्यों न मामले की जांच सीबीआइ से करायी जाये। बता दें कि 10 जून को मेन रोड में हिंसा हुई थी। एक साथ करीब 10 हजार लोग जमा हो गये थे और तोड़फोड़ की थी। कई व्यापारिक प्रतिष्ठान, वाहनों में तोड़ फोड़ की गयी थी। धार्मिक स्थलों को भी नुकसान पहुंचाया गया था। पंकज कुमार यादव ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए इसकी जांच सीबीआइ से कराने की मांग की है।

### युवा दस्ता रांची का संगठन विस्तार किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। युवा दस्ता रांची की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को श्री शिव मंदिर परिसर बड़ा तालाब जिला ग्रामीण अध्यक्ष मदन साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, उपेंद्र रजक, गोपाल पारीक एवं कैलाश केसरी उपस्थित थे। बैठक में श्री दुगार्पूजा महोत्सव 2022 को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता के महानगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 2022-23 के संगठन का विस्तार किया गया। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने युवा दस्ता के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कहा कि युवा दस्ता जिला प्रशासन एवं श्रद्धालुओं के बीच कड़ी का काम करेगी एवं श्री दुगार्पूजा मोहत्सव आयोजन समिति के लिए सहयोगी की भूमिका निभायेगी। श्री गुप्ता ने बताया कि युवा दस्ता के सभी सदस्य सभी पूजा पंडाल एवं मां भवानी के भक्तों की सेवा के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। जिला ग्रामीण अध्यक्ष मदन साहू ने बताया कि आगामी 18 सितंबर को नये एवं पुराने सदस्यों एवं पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा एवं महोत्सव में किये जाने वाले सेवा कार्यों से अवगत कराया जायेगा।

# एसबीयू में तृतीय राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से तृतीय राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता 2022-23 की विधिवत शुरूआत सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची में हुई। इसमें रांची के सांसद संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। विशिष्ट अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, योगा एंड ह्यूमैनिटीज की डीन प्रो नीलिमा पाठक, योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड अध्यक्ष संजय सिंह आदि के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के 21 जिलों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के द्वारा किया गया है।

### योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से तृतीय राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता

कार्यक्रम में ट्रेडिशनल आसन, रीदमिक आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक ग्रुप आर्टिस्टिक पेयर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिभागियों का चुनाव किया जायेगा। इसमें जूनियर, सब जूनियर, सीनियर बालक बालिकाओं का चुनाव नेशनल के लिए किया जायेगा। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, बतौर विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के नेशनल सेक्रेटरी डॉ जयदीप आर्य ने स्वदेशी भावना के साथ योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की।

एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सचिव विपिन पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष अंशु सरकार, छवि बिरमानी, एल आर सैनी, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, आशुतोष द्विवेदी, अमित नाथ चरण, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, चंद्र शेखर महथा, डॉ नीतू सिंघी, डॉ नम्रता चौहान, डॉ भारद्वाज शुक्ल, प्रो एलजी हनी सिंह, प्रो प्रवीण पाठक, डॉ ए मौर्या, अंजना सिंह, अनुभव अंकित, अमित शर्मा, ऋषि राज जमुआर, रवींद्र तिवारी, प्रशांत जमुआर, राहुल रंजन, मलय कुमार डे, संतोषी साहू, विकास सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, उमेश विश्वकर्मा, चैताली मुखर्जी, पूजा सिंह, डॉ एसके घोषाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## चुनाव आयोग का मंतव्य राजभवन सार्वजनिक करे : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने एक बार फिर राज्यपाल से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा सदस्यता मामले में चुनाव आयोग के आये मंतव्य को सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 18 अगस्त को चुनाव आयोग ने अपना फैसला सुरक्षित रखा। इसके बाद आज एक माह का समय बीत चुका है, लेकिन रिपोर्ट में मंतव्य क्या है, इसे सार्वजनिक नहीं किया गया। हमारी मांग है कि बिना देरी किये राज्यपाल अपना मंतव्य चुनाव आयोग को भेजें। साथ ही चुनाव आयोग से जो मंतव्य आया है, उसे मुख्यमंत्री को दें, ताकि आगे किसी भी तरह की कोई प्रतिकूल स्थिति बनती है, तो हम न्यायिक प्रक्रिया को अपना सकें और भाजपा अपनी साजिश में सफल नहीं हो पाये। श्री भट्टाचार्य शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वकील वैभव तोमर और मलक भट्ट द्वारा इसीआई को लिखे पत्र को सार्वजनिक किया। इस पत्र में आयोग से मांग किया गया है कि राज्यपाल को भेजे गये मंतव्य की कॉपी उपलब्ध करायी जाये। सुप्रियो ने कहा कि ऐसे में अगर हम राजभवन और न्यायपालिका से संरक्षण की उम्मीद नहीं करेंगे तो किससे करेंगे। अगर हमें संरक्षण नहीं मिलता हो तो न देश बचेगा न ही लोकतंत्र।

वहीं सुप्रियो ने भाजपा से आने वाले आदिवासी समाज के एक नेता को जयचंद और पिछड़े वर्ग से आने वाले आजसू पार्टी के एक नेता को जयचंद कहा है। पिछले दिनों कैबिनेट से पास हुए 1932 की स्थानीय नीति और 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के प्रस्ताव पर सुप्रियो ने कहा, दोनों प्रस्ताव को लेकर भाजपा नेता का बयान आता है कि हम इसे नहीं होने देंगे। भाजपा नेता ऐसा बयान इसलिए दे रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि संसद में उनका बहुमत है। कहा कि 22 साल के संघर्ष के बाद हमें विगत दो दिन पहले अपनी पहचान मिली है। राज्य गठन के बाद जब बाबूलाल मरांडी मुख्यमंत्री थे, तब उनके कैबिनेट में आजसू प्रमुख सुदेश महतो मंत्री थे। उस दौरान पिछड़े वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण को कम करके 14 प्रतिशत किया गया। 2002 में समाज को विश्वास में लिये बिना ही बाबूलाल ने डोमिसाइल नीति बनायी, जिससे पूरा राज्य दहक उठा। इसके पीछे भाजपा की साजिश थी। उसी तरह रघुवर दास कैबिनेट में आजसू के वर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी मंत्री थे। उस समय 1985 की स्थानीय नीति बनी। यह भी भाजपा की साजिश थी।

## टीओपी बनाने को लेकर हाइकोर्ट सख्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी कैंपस में दीवार फांद कर युवक के प्रवेश करने के मामले की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में लॉ यूनिवर्सिटी के वीसी की ओर से बताया गया कि उस दिन की घटनाक्रम को लेकर लॉ कॉलेज के द्वारा एक जांच कमेटी गठित की गयी है, जो सोमवार को कॉलेज के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट के आने के बाद प्रबंधन आगे की कार्रवाई की दिशा में पहल करेगी। वहीं लॉ यूनिवर्सिटी परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि वहां 24 घंटे पुलिस की गश्ती वाहन की ड्यूटी लगायी गयी है और वहां लगातार गश्त हो रही है। सुरक्षा के मद्देनजर गेट सहित अन्य जगहों पर 5 पुलिसकर्मी लॉ यूनिवर्सिटी में सुरक्षा के लिए लगाये गये हैं। हाइकोर्ट ने सरकार से पूछा कि लॉ यूनिवर्सिटी के पास के पास टीओपी बनाने के लिए क्या अब तक क्या कार्रवाई की गयी है, उसे शपथ पत्र दाखिल कर बताये।

# झारखंड की जमीन का पश्चिम बंगाल में निबंधन

## 1968 में बिहार और पश्चिम बंगाल के बीच हुआ भूमि समझौता

- 1932 खतियान से प्रभावित होंगे इस इलाके के लोग भी

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** जिले के उधवा अंचल में रहनेवाले कुछ लोग आज भी अपनी भूमि की रजिस्ट्री मालदा के कलियाचक स्थित निबंधन कार्यालय में कराते हैं। जी हां। यह सुन कर आपको आश्चर्य होगा, लेकिन यह बिल्कुल सही है। इसका कारण साहिबगंज जिला प्रशासन के पास इन भूमि से संबंधित दस्तावेज न होना है। 1905 में पश्चिम बंगाल से अलग होकर बिहार अस्तित्व में आया। उसके बाद दोनों राज्यों के बीच सीमा को लेकर विवाद चलता रहा। 1968 में बिहार तथा पश्चिम बंगाल के बीच भूमि समझौता हुआ था। इसके तहत गंगा नदी के पश्चिमी हिस्से को बिहार तथा पूर्वी हिस्से को पश्चिम बंगाल का भूभाग माना गया। उस समय जमींदार प्रथा को समाप्त कर जमीन का मालिकाना हक रैयतों को देना था। रजिस्टर टू तो बिहार को मिला, लेकिन खतियान अर्थात रजिस्टर वन पश्चिम बंगाल में रह गया।

इधर, झारखंड में इन जमीन का सर्वे नहीं हुआ, जिस वजह से बाद में रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गयी। ऐसे में उधवा क्षेत्र के लोग मालदा जिले के कलियाचक जाकर अपनी जमीन का निबंधन कराते हैं। झारखंड में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति बनाने का प्रस्ताव राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा पारित करने के बाद इस क्षेत्र के लोगों की भी चिंता बढ़ गयी है, क्योंकि इन क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों के पास झारखंड का किसी प्रकार का भूमि संबंधी दस्तावेज नहीं है।

### इस मामले को लोकसभा में उठाया था : विजय हांसदा



राजमहल लोकसभा के सांसद विजय हांसदा का कहना है कि झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार के बीच सीमा क्षेत्र की कुछ भूमि को लेकर विवाद है। सभी उस पर अपना अपना दावा करते हैं। चूंकि झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र के एक बड़े हिस्से का सर्वे नहीं हुआ है, इस वजह से विवाद का समाधान नहीं हो रहा है। मैंने इस मामले को लोकसभा में उठाया था। सर्वे शुरू भी हुआ था, लेकिन फिर बंद हो गया। यह क्यों बंद हुआ, इसकी जानकारी लूंगा। सर्वे करा कर सीमा विवाद का निष्पादन कराया जायेगा।

### दोनों राज्यों के बीच भूमि विवाद

झारखंड-पश्चिम बंगाल के बीच 49 मौजा की भूमि के मालिकाना हक को लेकर विवाद भी चल रहा है। इन पर दोनों ही राज्य अपना-अपना दावा करते हैं। इनमें 22 मौजा उधवा तो 10 मौजा राजमहल अंचल का है। भूमि 50 हजार एकड़ से अधिक होगी। 2011 में इसे सुलझाने की कोशिश हुई थी। मामला अंतरराज्यीय विकास परिषद में उठा था, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। एक बार पुनः पूर्व राज्य सरकार ने जिला प्रशासन से इस मामले में अद्यतन प्रतिवेदन मांगा है। चूंकि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच अच्छे संबंध हैं। इससे उम्मीद की जा रही है कि मामले को जल्द ही सुलझा लिया जायेगा। बताया जाता है कि जिन क्षेत्रों पर पश्चिम बंगाल अपना दावा करता है, उन क्षेत्रों में कल्याणकारी योजनाओं का संचालन झारखंड सरकार द्वारा किया जाता है। लोकसभा, विधानसभा और पंचायत चुनाव तक में लोग वर्षो से भाग लेते आ रहे हैं। इन इलाके में मालदा जिले के कलियाचक एवं मानिकचक अंचल से सटे श्रीधर, पलाशगाछी, पियारपुर, प्राणपुर, जीतनगर, बानूटोला, रानीगंज, नारायणपुर, सज्जादटोला, निमाईटोला, नित्यानंदपुर, रतनलालपुर, दोगाछी, गजियापाड़ा, कचियदुपुर, बेगमगंज, रहीमपुर, हाकिमाबाद, मंगतपुर, रूस्तमपुर, पंचानंदपुर, खासमहालपुर, कमालुद्दीनपुर, झाउबोना, दरिदियारा, जयरामपुर, दसकठिया, भवानंदपुर मौजा आदि शामिल हैं।

# गैंगरेप के दोषी तौसीफ, हसीबुल रोशन को 22-22 साल की सजा

## 15-15 हजार का जुर्माना लगाया

### अकेला पाकर तीनों ने महिला के मुंह में कपड़ा ढूंसकर दुष्कर्म किया था

### हंसुआ सटाकर बोला कि यदि किसी को बताओगी तो जान मार कर फेंक देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिविल कोर्ट, रांची के अपर न्यायायुक्त दिनेश राय की अदालत ने गुरुवार को विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले के दोषियों नगड़ी थाना क्षेत्र निवासी तौसीफ अंसारी उर्फ टार्जन, रोशन अंसारी एवं हसीबुल अंसारी उर्फ रूजा को 22 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने तीनों दोषियों को 15-15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

जुर्माने की राशि पीड़िता को दी जायेगी। प्राथमिकी के मुताबिक, दोषी तौसीफ, हसीबुल और रोशन अंसारी पर घर में अकेली महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता के मुताबिक, छह जुलाई 2018 की शाम तौसीफ अपने दोस्तों के साथ करीब सात बजे महिला के घर गया था। उस समय उसका पति सब्जी लाने बाजार गया था। अकेला पाकर तीनों ने महिला के मुंह में कपड़ा ढूंसकर दुष्कर्म किया। इसके बाद उसके साथ मारपीट की गयी और गर्दन पर हंसुआ सटाकर बोला कि यदि किसी को बताओगी तो जान मार कर फेंक देंगे।

घटना को लेकर पीड़िता ने नगड़ी थाना में नामजद प्राथमिकी (कांड संख्या 109/18) दर्ज करायी थी। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी वेद प्रकाश ने अदालत के समक्ष नौ गवाहों के बयाना दर्ज कराये और पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किये।

# कांग्रेस को झटका

आखिर गोवा में कांग्रेस की फूट सामने आ ही गयी। प्रदेश विधानसभा में इसके कुल 11 में से आठ विधायक बीजेपी में शामिल हो गये। ऐसे समय जब पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है और देश भर में इसके पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है, बीजेपी की ओर से दिया गया यह झटका पार्टी की बहुप्रचारित यात्रा की भी हवा निकालने की कोशिश है। पार्टी छोड़ने वाले विधायकों में से एक ने बीजेपी में शामिल होने की औपचारिक घोषणा के बाद कहा भी कि यह कांग्रेस छोड़ो और बीजेपी को जोड़ो है। बहरहाल, कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के प्रभावों पर इसका कैसा और कितना असर होता है, यह देखने वाली बात होगी, लेकिन इसमें दो राय नहीं कि गोवा में कांग्रेस के लिए इस झटके से उबरना बहुत मुश्किल होगा। पिछले जुलाई में कांग्रेस ने खुद आरोप लगाया था कि बीजेपी उसके आठ विधायकों को तोड़ने की कोशिश कर रही है, तब इस प्रयास को उसने नाकाम कर दिया था, लेकिन उसके बाद भी पार्टी नेतृत्व ऐसे संभावित प्रयासों को लेकर सतर्क नहीं हुआ या फिर चाह कर भी वह विधायक दल को टूटने से नहीं बचा सका। दोनों स्थितियों में उसे असुविधाजनक सवालों का सामना करना ही होगा। ध्यान रहे, 2019 में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुने गये 10 विधायक पार्टी छोड़ कर बीजेपी में शामिल हो गये थे। उसका विधानसभा के अंदर तत्कालीन समीकरण पर और सरकार की मजबूती पर जो असर हुआ वह तो अलग, इस साल हुए विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी की विश्वसनीयता पर भी गहरा प्रभाव पड़ा।

**कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के प्रभावों पर इसका कैसा और कितना असर होता है, यह देखने वाली बात होगी, लेकिन इसमें दो राय नहीं कि गोवा में कांग्रेस के लिए इस झटके से उबरना बहुत मुश्किल होगा।**

चुनाव प्रचार के दौरान विरोधियों की ओर से कही जा रही यह बात लोगों को अपील कर रही थी कि कांग्रेस को चुन कर भी कोई फायदा नहीं है, उसके विधायक तो बाद में कहीं और चले जायेंगे। नौबत यहां तक आयी कि कांग्रेस नेतृत्व ने अपने प्रत्याशियों को बाकायदा सार्वजनिक तौर पर शपथ दिलवायी कि वे चुनाव के बाद भी पार्टी के प्रति निष्ठा बनाये रखेंगे। वह शपथ भी अब निरर्थक साबित हो गयी। बीजेपी को तात्कालिक तौर पर ताजा दलबदल से फायदा जरूर हुआ है। राज्य में उसकी सरकार अपने दम पर पूर्ण बहुमत में आ गयी है। 40 सदस्यीय विधानसभा में अब तक उसके 20 सदस्य थे। हालांकि महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (दो) और निर्दलीय (तीन) विधायकों के समर्थन की बदौलत सरकार मजे में चल रही थी, लेकिन अब इस मोर्चे पर वह और निश्चिंत हो सकती है। फिर भी, विपक्षी दलों के विधायकों को येन-केन-प्रकारेण अपनी पार्टी में मिलाने की यह नीति न तो देश में लोकतंत्र का कुछ भला कर रही है और न ही बीजेपी की राजनीति को विश्वसनीयता दे रही है। इससे गठबंधन के सहयोगी दलों में भी संदेह और अविश्वास बढ़ता है।

# लौहनगरी पहुंचे भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शहर पहुचे। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ, फूलमाला एवं अंगवस्त्र भेंटकर संगठन महामंत्री का स्वागत किया। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने श्रीमद्भागवत गीता, अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों से बारी-बारी परिचय प्राप्त कर सम्मान के लिए आभार जताया। इससे पहले जमशेदपुर शहर में प्रवेश करने पर साकची पुराना कोर्ट गोलचक्कर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, मोर्चा अध्यक्ष मुचिराम बाउरी व अन्य कार्यकर्ताओं के संग पुराना कोर्ट मोड़ स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान दिनेश कुमार, राजेश शुक्ला, सुधांशु ओझा, बबुआ सिंह, संजीव सिन्हा, राकेश सिंह, मंजीत सिंह, राजीव सिंह, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, नारायण पोद्दार, बिनोद कुमार सिंह, कौस्तव रॉय, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, बिनानंद सिरका, सुरेश शर्मा, ध्रुव मिश्रा, बिनोद राय, बजरंगी पांडेय, चंचल चक्रवर्ती, प्रशांत पोद्दार, त्रिदेव चट्टराज, मंटू चरण दत्ता, संतोष कुमार, कुमार अभिषेक, मृत्यंजय यादव, अभिमन्यु सिंह चौहान, मिथिलेश साव, महावीर सिंह, गणेश मुंडा, काजू शांडिल, गौतम प्रसाद, दिलीप पासवान, संजीत प्रसाद समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चाकुलिया के पोचापानी गांव के पहाड़ी क्षेत्र का विधायक समीर महंती ने किया निरीक्षण

**चाकुलिया।** विधायक समीर महंती लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता के साथ शुक्रवार को प्रखंड की चालुनिया पंचायत के पहाड़ के गोद में बसा पोचापानी गांव के पहाड़ी वादियों में डैम निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर विधायक समीर ने कहा कि उत्तरांचल के पोचापानी गांव प्रकृति की गोद में बसा हुआ है। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि आने वाले दिनों में पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य अपनी और आकर्षित करें। लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता एमएम सिंह अपनी पूरी टीम के साथ विधायक समीर महंती के नेतृत्व में उक्त स्थल का जायजा किया।

**76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लाल बहादुर शास्त्री के मूल नारे में जय अनुसंधान को जोड़ कर इसे और बड़ा कर दिया। यानी जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान। जय जवान, जय किसान को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता की अमृत काल के लिए एक और अनिवार्यता है और वह है जय अनुसंधान।**

# 'जय अनुसंधान' महज उद्घोष नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता



दीपक प्रकाश



26 जनवरी, 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान-जय किसान के रूप में कालजयी नारा दिया था। भारत-पाकिस्तान के युद्ध के दौरान देश के जवानों और किसानों का हौसला बढ़ाने को लेकर यह नारा था। कालांतर में वर्ष 1998 में ऐतिहासिक पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद इसी नारे को थोड़ा विस्तारित करते हुए देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने इसमें जय विज्ञान जोड़ कर इसे जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान बना दिया। अब इसी कड़ी में एक और सितारा को जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जय अनुसंधान का नारा बुलंद किया है। 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लाल बहादुर शास्त्री के मूल नारे में जय अनुसंधान को जोड़ कर इसे और बड़ा कर दिया। यानी जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान। जय जवान, जय किसान को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता की अमृत काल के लिए एक और अनिवार्यता है और वह है जय अनुसंधान। मोदी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष से लेकर समुद्र की गहराई तक सभी क्षेत्रों में शोध के लिए हर संभव मदद मिले। इसलिए केंद्र सरकार अपने अंतरिक्ष मिशनों और गहरे समुद्र मिशनों का विस्तार कर रही है। जय अनुसंधान शब्द भले ही 76वें स्वतंत्रता दिवस पर निकला हो, लेकिन यह भावना नरेंद्र मोदी के सीने में लंबे समय से रही है। मोदी ने पहली बार जनवरी 2019 में जालंधर में भारतीय विज्ञान कांग्रेस में जय अनुसंधान का उल्लेख किया था। जय अनुसंधान शब्द का उद्देश्य देश में लगातार बढ़ते विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचारों और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को और बढ़ावा देना है। जब मोदी सरकार कोई नारा देती है, तो वह केवल उद्घोष करने के लिए नहीं होते, मोदी सरकार में वे नारे ही शासन के संकल्प हैं।

**जय अनुसंधान शब्द भले ही 76वें स्वतंत्रता दिवस पर निकला हो, लेकिन यह भावना नरेंद्र मोदी के सीने में लंबे समय से रही है।**

निःसंदेह आज का जमाना तकनीक का है, मानव जाति के लिए यह दशक प्रौद्योगिकी का है और भारत के लिए यह तकनीकी-दशक है। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में देश ने खुद को साबित किया है। ऐसे में अनुसंधान और विकास की बढ़त ही देश को तरक्की की राह पर आगे ले जायेगा। लिहाजा नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया जय अनुसंधान का नारा और इसके प्रति बैचैनी अकारण नहीं है। नरेंद्र मोदी वक्त का नब्ज और हवा के रुख को पकड़ना बखूबी जानते हैं। शायद यही कारण है कि उन्होंने जय अनुसंधान को इस अमृत काल के कालखंड के बीच देश के समक्ष परोसकर इसकी पराकाष्ठा को जमीन पर उतारने की ठानी है। स्वाभाविक है कि कोई भी नेता जब इस तरह का कोई नारा देता है, तो वह उसकी प्रतिबद्धता से जुड़ा होता है। यह भी सच है कि कोई भी निर्वाचित सरकार अमूमन आम जनमानस के खिलाफ नहीं होती, लेकिन उनकी नीति बनाने और उसके वास्तविक व जमीनी कार्यान्वयन के स्तर में अंतर होता है। यही अंतर नरेंद्र मोदी को और जननेताओं से जुदा करती है। मोदी सरकार ने इन दोनों स्तरों पर अपनी प्रतिबद्धतता बरकरार रखी है। यही प्रतिबद्धता नरेंद्र मोदी की मूल पूंजी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आठ साल पूरी कर चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई, 2014 को जब पहली बार केंद्र की सत्ता संभाली थी तब देश निराशा और हताशा के दौर से गुजर रहा था। सामान्य जनमानस के मन में यह भाव पूरी तरह घर कर गया था कि अब इस देश का कुछ नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के आठ वर्ष का कार्यकाल उनके संकल्प-सेवा की बेमिसाल गाथा है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान, आत्माभिमान, सुरक्षा सहित सभी अध्याय निहित हैं। नरेंद्र भाई मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में मात्र आठ साल में देश को जो कुछ दिया है, वह कई मायनों में अतुलनीय है। पिछले आठ साल शासन और प्रशासन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहे हैं। किसी राजनीतिक नेता के विशिष्ट कार्यों का जब मूल्यांकन होता है अमूमन वह संबंधित नेता के चुनावी मैदान में सफलता-असफलता के परिणामों के इर्द-गिर्द रख कर होता है। नेता भी अपनी सफलता को पाने के लिए कितने चुनाव जीते या जिताये, के ही गुणा भाग में लगे रहते हैं। वास्तव में इतना मूल्यांकन ही पर्याप्त नहीं माना जा सकता है। उस नेता द्वारा समाज को दिशा, जनता में गुण संवर्धन एवं भविष्य की चुनौतियों से लड़ने योग्य दिशा दी अथवा नहीं, मूल्यांकन का यह भी एक आधार होना चाहिए। इस कसौटी पर भी नेताओं को कसा जाना चाहिए। साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास के लिए , गरीबों के उत्थान के लिए एवं देश की अंतर्बाह्य सुरक्षा जैसे अनेक विषयों को केंद्रित कर योजनाएं प्रारंभ की है। इन आठ सालों के कार्यकाल में देश में शासन और शासक की परिभाषा ही बदल गयी है। भारत की राजनीति में सिर्फ राजनीति करने, चुनाव लडने और सत्ता हासिल करने की रीति-नीति पर विराम लग गया है। मोदी देश में सुशासन और विकास के ब्रांड बन गये हैं। इन सबसे अलग जिन विषयों के लिए उनका कार्यकाल एवं उनका दूरदर्शी नेतृत्व सदैव प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहेगा, उन विषयों को वोट की तराजू पर तो कतई नहीं तौला जा सकता। चुनावी जीत हार के भय के बिना केवल साहसिक एवं युगांतकारी निर्णय लेना ही नहीं, बल्कि उनको क्रियान्वित कराकर नरेंद्र मोदी ने एक अमिट छाप छोड़ी है। सबसे बड़ी बात है नरेंद्र मोदी के प्रति आम जनमानस का अटूट भरोसा। पीएम मोदी ने जन कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतार कर आम लोगों तक इनका फायदा पहुंचाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कई बार प्रमाणित किया है। पीएम मोदी अपनी कई योजनाओं को जन आंदोलन में बदल कर बुनियादी क्रांति के अग्रदूत बन बैठे। स्वच्छता अभियान की बात हो या खुद को स्वस्थ रखने के लिए योग अपनाने की उनकी अपील। पूरा देश उनके साथ कदमताल कर बैठा। इसी तरह घरेलू गैस पर सब्सिडी छोड़ने की उनकी एक अपील पर लाखों लोगों ने स्वेच्छा से हुए सब्सिडी छोड़ कर बता दिया कि नरेंद्र मोदी की अहमियत क्या है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत एक वैश्विक अनुसंधान और विकास हब के तौर पर तेजी से उभर रहा है और केंद्र सरकार इसे रफ्तार देने की दिशा में कदम भी बढ़ा चुकी है। सरकार के ऐसे ही प्रयास के चलते वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश संभव भी हो रहा है। जय अनुसंधान का यही मूल मंत्र भविष्य के भारत को निखारने और सुढ बनाने में कारगर होगा। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री का यह मंत्र भारत को आत्मनिर्भर बनाने और देश के आर्थिक विकास का वाहक बनेगा। आज देश के पास नीतियां भी हैं, नियत भी है, निर्णयशक्ति भी है और निश्चयशक्ति भी है। अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर गौर किया जाए तो वैश्विक अनुसंधान एवं विकास खर्च में भारत की हिस्सेदारी बढ़ी है।

इंडियन साइंस एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंडस्ट्री रिपोर्ट 2019 के अनुसार भारत बुनियादी अनुसंधान के क्षेत्र में शीर्ष रैंकिंग वाले देशों में शामिल है। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी वैज्ञानिक और तकनीकी जनशक्ति भारत में है। नैनो तकनीक पर शोध के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। मौसम पूवार्नुमान एवं निगरानी के लिये प्रत्युष नामक शक्तिशाली सुपरकंप्यूटर बना कर भारत इस क्षेत्र में जापान, ब्रिटेन और अमेरिका के बाद चौथा प्रमुख देश बन गया है। भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी देशों में सातवें स्थान पर है। 2014 के बाद, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में निवेश तेजी से बढ़ा है। भारत ने हाल के वर्षों में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में एक बड़ी छलांग लगायी है। भारत की रैंकिंग 2021 में 46वीं थी, जबकि साल 2015-16 में यह 81वें नंबर पर थी। पिछले छह वर्षों में, भारत ने अपनी रैंकिंग में 35 स्थानों का सुधार किया है। नवोन्मेष संस्कृति को संस्थागत आकार देने के लिए कुछ साल पहले अटल इनोवेशन मिशन भी शुरू किया गया था। पिछले कुछ वर्षों में कई और प्रौद्योगिकी व्यवसाय इन्क्यूबेटरों की स्थापना की गयी है। सरकार के सहयोग और समर्थन के साथ, वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष अनुसंधान, विनिर्माण, जैव-ऊर्जा, जल-तकनीक, और परमाणु ऊर्जा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त निवेश और विकास भी हुआ है। हम धीरे-धीरे परमाणु प्रौद्योगिकी में भी आत्मनिर्भर हो रहे हैं। ऐसे में भारत में शोध कार्य की दिशा में हुई प्रगति को नकारा नहीं जा सकता। हां, कुछ अवरोध हैं, जिन्हें पार करना भारतीय अनुसंधान और विकास के लिये निहायत जरूरी है। यूपीआइ भीम जैसे शोध ने वित्तीय प्रौद्योगिकी की दुनिया में क्रांति ला दी है। इनोवेशन की ताकत देखिए, आज दुनिया के डिजिटल वित्तीय लेनदेन का 40 प्रतिशत भारत में हो रहा है। देश 5जी की तरफ बढ़ रहा है और ऑप्टिकल फाइबर बिछाने में भी तेजी से प्रगति की है। हिंदुस्तान के 4 लाख कॉमन सर्विस सेंटर गांव में विकसित हो रहे हैं. गांव के नौजवान, बेटियां कॉमन सर्विस सेंटर चला रही हैं। कोरोना काल में भी कई उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि भारत ने जो ठाना, वह करके दिखाया। नये वेंटीलेटर्स और कोरोना टेस्टिंग लैब्स का चरम गति से निर्माण करने में हमने कीर्तिमान बनाये हैं। तात्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी का कथन हम सभी को याद होगा कि केंद्र से चले 1 रुपया में से लाभार्थी तक केवल 15 पैसे ही पहुंच पाता है। नरेंद्र मोदी ने इस परंपरा को बंद कर सीधे लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसे भेजना प्रारंभ कर भ्रष्टाचार रूपी इस कैंसर पर विराम लगाने का काम किया। भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों में गरीबों के लिए पक्के घर से लेकर शौचालय के निर्माण तक, आयुष्मान भारत योजना से लेकर उज्ज्वला योजना तक, हर घर नल से जल से लेकर हर गरीब को बैंक खाते तक, ऐसे कितने ही काम हुए हैं, जिनकी चर्चा केवल भारत ही नहीं, बल्कि आज पूरी दुनिया में हो रही है।

प्रधानमंत्री की चिंता इस अमृत काल में भारत को अनुसंधान और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए विभिन्न मोर्चों पर एक साथ कार्य कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने शोध को स्थानीय स्तर पर ले जाने की है। उनकी सोच है कि कैसे साइंस को सामान्य लोगों से अधिक से अधिक जोड़ा जाये। हम देश में दशकों से चली आ रही मानवीय समस्याओं के समाधान के लिए टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग कैसे कर सकते हैं? सेंसर, ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी खोज का पैकेज बना कर हम किसानों के लिए कैसे बेहतरीन खोज कर सकते हैं, उस पर बल दिया जाना चाहिए। वैज्ञानिकों से भी आह्वान किया कि आप बेहतर इलाज करने का तरीका साइंस एवं टेक्नोलॉजी में ढूंढ सकते हैं। प्रधानमंत्री का कहना है कि हमें दुनिया में लीडरशिप लेनी है और अपने संकल्पों को पूरा करके दिखाना है। हमें समय के अनुरूप समस्याओं का समाधान करने होंगे, वह भी समय सीमा के अंदर। इनका साफ मत है कि हमें दुनिया में प्रतिस्पर्धा नहीं करनी है श्रेष्ठता दिखानी है। हमें देश को उस स्तर पर ले जाना है, जिससे दुनिया भारत के पीछे चले। पीएम मोदी ने न केवल देश की राजनीति और शासन-प्रशासन की कार्यशैली को बदला, बल्कि अपने कूटनीतिक कौशल से विश्व में देश का मान सम्मान भी बढ़ाया। यूक्रेन संकट के दौरान दुनिया ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत को देखा है। भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसने अपने एक-एक नागरिक को यूक्रेन से सुरक्षित स्वदेश वापस ला सका है। अभी हाल ही में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। एक दशक पहले भारत सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में 11वें नंबर पर था जबकि ब्रिटेन पांचवें नंबर। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है, इसे इस नजरिए से देखिए कि भारत ने उस देश को पीछे छोड़ा, जिसने हम पर 250 साल तक हुकूमत की।

अब देश के सामान्य नागरिक की बुनियादी जरूरत सिर्फ रोटी, कपड़ा और मकान नहीं हो सकती। 21वीं सदी में इन सबके अलावा कनेक्टिविटी चाहिए, अच्छी शिक्षा चाहिए, चिकित्सा सुविधा चाहिए, पीने का स्वच्छ जल चाहिए, बिजली चाहिए, इंटरनेट चाहिए, शौचालय चाहिए, सुरक्षा चाहिए, सम्मान चाहिए और विकास में भागीदार बनने के नये अवसर चाहिए। इसी लक्ष्य को पाने के लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सोच को केंद्र में रख कर मोदी सरकार ने अपनी यात्रा की शुरूआत की। विचार को जमीन पर उतार कर संकल्प-सिद्धि करने वाला प्रधानमंत्री भारत की जनता ने इससे पहले नहीं देखा। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि भारत ने इस दौरान ना सिर्फ अपने पुराने मर्जों का इलाज किया, बल्कि उस गौरवशाली अस्मिता को दोबारा हासिल कर सका है, जिसकी देशवासियों को दशकों-दशक से प्रतीक्षा थी। भारत के प्रति विश्व की दृष्टि में भी आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। दुनिया के कोने-कोने में रहने वाले लाखों भारतीय इसका प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं।

जय अनुसंधान के नारे के समय प्रधानमंत्री के लंबे भाषण के इस अंश पर गौर फरमाइए- जब भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनायेगा, तब युवा, जो आज अपनी 20-25 वर्ष की आयु में हैं, वे 45 से 50 की उम्र में होंगे। आपके जीवन के आने वाले 25 वर्ष देश के संकल्पों को पूरा करने का समय है। मेरे साथ शपथ लो, इस तिरंगे की शपथ लो कि 100वीं वर्षगांठ पर हमारा देश एक विकसित राष्ट्र होगा। प्रधानमंत्री का यह सपना सामूहिक प्रयास से ही साकार होगा। सभी को अपनी जिम्मेवारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। चुनौतियां थोड़ी बड़ी जरूर हैं। सफर अभी लंबा है। कहते हैं ना कि हर चुनौती में अपनी क्षमता साबित करने का एक अवसर भी छिपा होता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि भारत माता की जय का अर्थ समाज जीवन के सभी क्षेत्रों में भारतीय चिंतन के आधार पर नीतियों का क्रियान्वयन है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम सभी के समक्ष उनसे प्रेरणा लेकर इस संकल्प को पूर्ण करने का एक सुनहरा मौका है। आज वही मौका हमारा इंतजार कर रहा है कि हम दुनिया को दिखा सकें कि हममें विश्व गुरु बनने की क्षमता है। सबके प्रयास से नरेन्द्र मोदी भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने की दिशा में अग्रसर हैं।


**(लेखक : झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सत्संग विहार टाटानगर में मनी श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर स्थित काशीडीह सत्संग विहार टाटा नगर का स्थापना 25 साल के प्रांगण में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का 135वां जन्म महोत्सव धुम धाम से मनाया गया। शुक्रवार को प्रातः 4:30 बजे सैकड़ों गुरुभाई उषा कीर्तन में शामिल हुए। मंदिर से निकल कर पूरे क्षेत्र का नगर भ्रमण किया गया। उसके बाद 5:27बजे प्रातः कालीन बिनती प्रार्थना में सभी शामिल हुए। उसके उपरांत सुबह 7.5 मिनट मे जन्म लग्न उपलक्ष के बाद प्रार्थना एवं भाव वाणी का पाठ किया गया। मंदिर के सामने भव्य पंडाल का आयोजन किया गया। जहां ठाकुर जी, बोडो मां, बड़ौदा और वर्तमान आचार्य देव को स्थापित किया गया। यहां हजारों हजार गुरु भाइयों ने उपस्थित होकर आशीर्वाद ग्रहण किया। शुक्रवार को दिन के 11 बजे से धर्मसभा का आयोजन किया गया। धर्म सभा में टाटा नगर के हजारों हजार सत्संग कर्मी के उपस्थिति में ओड़िशा के भुवनेश्वर से आये मुख्य वक्ता आगत राजेश खांडेलवाल ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए समस्त लोगों को मंत्र मुग्ध किये।



मौके पर श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र के जन्मदिन के अवसर पर मंदिर परिसर में गाजा बाजा के साथ दूर दराज से एकत्रित हुए माताओं ने नित्य प्रस्तुत कर आनंद उठाया। मौके पर सैकड़ों लोगों ने श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र के जन्मदिन के अवसर पर ठाकुर जी की बानी से प्रभावित होकर दीक्षा ग्रहण की। इस दौरान मन मोहक भजनों का परिवेशन सत्संग अधिवेसन केंद्र हलुदबनी के द्वारा किया गया। मंदिर प्रांगण में 3:30 से माताओं द्वारा मातृ सम्मेलन में माताओं ने भी आदर्श परिवार गठन में ठाकुर जी का भूमिका पर प्रकाश डाला। माताओं ने मातृ सम्मेलन के माध्यम से श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के भजन प्रस्तुत किये। मातृ सम्मेलन में सैकड़ों माताओं ने उपस्थित होकर श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र के भजन सुन कर जम कर झूमे। मौके पर लगभग 10000 से भी ज्यादा भक्तगण प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इस दौरान दूर दराज से आये हजारों हजार की संख्या में गुरु भाइयों ने लंबी लाइन में खड़ा होकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके उपरांत ठाकुर जी के जिवनी से अधारित प्रश्नोत्तर ओर संध्या कालीन बिनती प्रार्थना करने बाद सामूहिक तुमुल कीर्तन के बाद उत्सव समाप्ती की घोषणा किया गया।

उत्सव का नेतृत्व सत्संग विहार टाटानगर के प्रभारी सह प्रति ऋतीक विनोद साव ने किया। सफल आयोजन के लिए सत्संग विहार टाटानगर के प्रभारी सह प्रति ऋतीक विनोद साव को सभी ने खुश होकर बधाई दी।

सत्संग विहार टाटानगर के प्रभारी सह प्रति ऋतीक विनोद साव ने बताया श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र इस जग के फुल फिलर दा बेस्ट है। संसार के किसी भी महापुरुषों के बल्कि उनके वशिष्ठ को प्रकाशित किये। श्री श्री ठाकुर जी मानव दर्दी हैं। धरती में जन्म लेने वाले मनुष्य चाहे वे कितने भी निकृष्ट हो उसे सुसंस्कृत करने वाले थे।

## 1932 का खतियान लागू करने की खुशी में झामुमो ने पटाखे फोड़े

**सगमा (आजाद सिपाही)।** हेमंत सरकार द्वारा 1932 का खतियान व ओबीसी को 27 प्रतिसत आरक्षण लागू किए जाने पर झामुमो ने खुसी का प्रदर्सन करते हुए पटाखे फोड़े । उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई भी खिलाया। इस अवसर पर झामुमो के लोगो ने खुसी मनाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन जो कहते है वो कर के दिखाते है 1932 का खतियान लागू होने से झारखंडियों को रोजगार का अवसर बढ़ेगा। वही पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिसत आरक्षण मिलने से उनको रोहगर मिलने में आसानी होगी। आज का दिन झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है, पूर्व की सरकार इसे मुदा बनाकर सिर्फ राजनीति रोटियां सेंकने का काम करती रही है मगर हेमंत सोरेन की सरकार इसे करके दिखा दिया। इसके लिए हम लोग झारखण्ड सरकार को बधाई देते हैं। इस अवसर पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष जयगोपाल यादव, बिनोद ठाकुर, सुभाष प्रसाद यादव, रामेश्वर यादव, निरपत यादव सहित भारी संख्या में राजद एवं झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धोती, साड़ी और लुंगी का वितरण किया

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की सोना सोबरन योजना के तहत कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चौबे मझिगावां गांव के मुख्य बस्ती के जन वितरण प्रणाली की दुकान पर शुक्रवार को 250 पीडीएस लाभुकों के बीच धोती, साड़ी एवं लुंगी का वितरण किया गया। जनवितरण प्रणाली के डीलर जगत किशोर चौबे के द्वारा सभी पीडीएस लाभुकों को वस्त्र प्रदान किया गया। इस मौके पर डीलर जगत किशोर चौबे ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदत्त धोती, साड़ी एवं लुंगी को 400 पीडीएस लाभुकों के मध्य वितरण करना है जिसमें आज 250 लाभुकों के बीच वस्त्र का वितरण किया जा रहा है शेष जैसे-जैसे पीडीएस लाभुक अपना-अपना अंगूठा के माध्यम से उठाव करेंगे उसी तरह छूटे सभी लाभुकों के मध्य भी जल्द ही सभी वस्त्र वितरण कर दिया जायेगा। आगे उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी सामग्री को लाभुकों तक समय पर पहुंचना हमारा धर्म है।

## गढ़वा में धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाने का पदाधिकारियों ने लिया निर्णय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला गढ़वा कार्यकारिणी अध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा के अध्यक्षता में बैठक दिनांक 16 नौ 2022 को प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा जी के आवास पर की गई जिसमें सर्वसम्मति से विश्वकर्मा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया आस्थान लातदाग प्रखंड मेराल में डीएवी लीला बचपन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 17 सितंबर दिन शनिवार 10:00 बजे पूजन श्री जगदगुरू श्री विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति स्थापित कर पूजन होगा, 18 सितंबर 2022 को दिन रविवार रात्रि 8 बजे से भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन की गई है कलाकार बनारस ,उत्तर प्रदेश, से चलकर समाज के होनहार संगीत में भक्ति जागरण करने उजाला विश्वकर्मा और विहार से सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायिका पुष्पा राणा जी प्रस्तुति करेंगे इस अवसर पर गढ़वा जिला 20 प्रखंड से विश्वकर्मा परिवार इकट्ठा होते हैं साथ ही पलामू प्रमंडल के समाज के बुद्धिजीवी लोग आते हैं। शालीनता पूर्वक पूजा का कार्यक्रम भक्ति जागरण आयोजन होता है। इसमें प्रशासनिक पुलिस पदाधिकारी का काफी सहयोग होता है। आज की बैठक वर्तमान जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष पारस विश्वकर्मा, जिला प्रखंड चिनिया अध्यक्ष फूलचंद विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। आपकी आगमन पर विश्वकर्मा परिवार हृदय से स्वागत करने के लिए खड़ा है।

### भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरनाथ सिंह का धरना प्रदर्शन

# जिला की ज्वलंत समस्याओं को ले उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरिनाथ सिंह ने जिले में घटित हो रही लगातार घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर प्रशासन के कार्य शैली के विरोध में समाहरणालय के समक्ष धरना दिया। धरना के पश्चात उन्होंने एक मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा। मौके पर गिरनाथ सिंह ने धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तथा जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जिले में अपराधी बेखौफ सड़कों पर घूम रहे हैं। निर्दोष लोग जेल के सलाखों में बंद है। प्रशासन इस प्रकार के विकट समस्या का निदान जल्द ही सुनिश्चित करे। उन्होंने उपायुक्त से मांग करते हुए कहा कि प्रशासन उनकी मांग पर जल्द ही कार्रवाई करे। उन्होंने मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव में नथन चौधरी की हुई हत्या मामले में अब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे उन्नीस निर्दोष ग्रामीणों पर फर्जी मुकदमा कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मेराल पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी के द्वारा धरना पर बैठे ग्रामीणों व्यवसायियों तथा राहगीरों पर बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज किया गया। जिसे लेकर दोषी पदाधिकारियों को अविलंब निलबिंत किया जाये। उन्होंने कहा कि मेराल थाना क्षेत्र के सोहवरिया निवासी वकील अंसारी के पुत्र अफताब अंसारी के द्वारा सोनभद्र जिला मुरमुरा गांव की पूजा सिंह के साथ शादी कर एक बच्ची जन्म लेने के बाद उसे छोड़ दिया गया। तथा लड़का व उसके पिता द्वारा लड़की को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के ओबरा गांव निवासी कशीस कुमारी आदिवासी बालिका को आसमा अंसारी के द्वारा बेरहमी से पीटा गया। उस पर अभिलंब कार्रवाई कर उस बच्ची को न्याय दिलाया जाये, सदर प्रखंड के फरठिया गांव के आदिवासी लोगो को उनके पुश्तैनी जमीन पर से साजिश के तहत बेदखल किया जा रहा है उन्हें न्याय मिले। नगर उंटारी के दीपक सोनी पर पेट्रोल छिड़ककर जानलेवा हमला किया गया उस मामले में त्वरित कार्रवाई की जाये। बंशीधर नगर के ही जंगीपुर में कल सुबह मॉर्निंग वॉक करने के दौरान दशरथ मेहता को अज्ञात अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े गला रेत कर हत्या कर दी गई। इसमें दोषी अपराधियों को अविलंब गिरफ्तारी हो। उन्होंने कहा गढ़वा जिला में इस वर्ष सुखाड़ की स्थिति होने से भयंकर महामारी फैलने की आशंका है। सरकार अभिलंब राहत कार्य चलाए तथा पशुओं की निशुल्क चारा की व्यवस्था करें। सरकार के द्वारा सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर मुआवजा दिया जाये। गढ़वा जिले में जो भी थोड़ा बहुत सब्जी आदि उत्पादित किया जाता है, नीलगाय द्वारा बर्बाद कर दिया जा रहा है।

### जनता की बातों को जनहित में उठाना ही नेता का कर्तव्य : गिरनाथ सिंह



### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

इस पर किसानों को मुआवजा दिया जाये, जिला में आदिम जनजाति को 3 माह से सरकार द्वारा मिलने वाला राशन नहीं दिया जा रहा है। इसे अविलंब दिया जाये सहित कई मांगों से उपयुक्त को अवगत कराया। मौके पर राजकुमार मद्धेशिया, शिवधारी राम, बैजनाथ पासवान, कपिल देव बैठा, गणेश साहू, बिगन महतो, प्रदीप कुमार पासवान, गिरजा प्रसाद सिंह, दुखन प्रसाद सोनी, भिखारी ठाकुर, देवकांत चौबे आदि हजारों की संख्या में प्रखंड के ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## जन आशीर्वाद रथ यात्रा का भव्य स्वागत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला अग्रवाल समाज के तत्वधान में गुरुवार को कुलदेवी आज महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा का भव्य स्वागत गढ़वा में किया गया अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन अमरोहा द्वारा संचालित जन आशीर्वाद रथ यात्रा अमरोहा से चलकर भारत के विभिन्न प्रांतों से भ्रमण करते हुए झारखंड के गढ़वा जिला मुख्यालय में आगमन हुआ रथ का स्वागत अग्रवाल समाज गढ़वा द्वारा गढ़वा के पहले नदी पर किया गया वहां से रथ को गढ़वा रामलला मंदिर तक लाया गया मंदिर परिसर में रथ का पूजन आरती संपन्न हुआ इस अवसर पर गढ़वा अग्रवाल समाज द्वारा रथ का नगर भ्रमण किया गया जो रामलला मंदिर से प्रारंभ होकर रंका मोड़ घंटाघर संकट मोचन मंदिर के पास संपन्न हुआ इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री शोहरत के नेतृत्वकर्ता श्री बसंत मित्तल उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट कार्य प्रणाली के लिए जीएन कॉन्वेंट स्कूल को सीबीएसइ ने किया सम्मानित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसइ रीजनल पटना ने रांची स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सभागार में संबद्धता प्राप्त रांची क्षेत्र के सभी स्कूलों के प्राचार्यों का सम्मान समारोह दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जीएन कॉन्वेंट स्कूल के एकेडेमिक प्राचार्य चंद्र भूषण सिन्हा को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिंह प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इस आयोजन के मुख्य अतिथि सीबीएसई पटना क्षेत्र के पदाधिकारी जगदीश बर्मन के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। कोरोना काल में ऑनलाइन ऑफलाइन क्लास, उत्कृष्ट पठन पाठन, बेहतर परीक्षा प्रणाली, अच्छे रिजल्ट,उत्तम प्रबंधन, सामाजिक समरसता,, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण आदि के लिए प्रदान किया गया। प्राचार्य सिन्हा ने अपने व्यक्त उदगार में कहा कि सम्मान प्राप्त करने के पश्चात हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, अब सत्र 2022-23 में होने वाली सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 10 और 12 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले बच्चों का रिजल्ट और बेहतर होगा।हम पूरा विद्यालय परिवार और प्रबंधन इस दिशा में अग्रेतर होगा। सीबीएसइ बोर्ड द्वारा सम्मानित होने पर निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी, उपप्राचार्य बीके ठाकुर विद्यालय के समस्त शिक्षकों और अभिभावकों ने प्राचार्य को ढेर सारी बधाइयां एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज विद्यालय के लिए गौरव और गर्व का विषय है।

## 30 सितंबर तक खिलायी जायेगी डीइसी और अल्बेंडाजोल की दवा

**गढवा (आजाद सिपाही)।** जिला में स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार फाइलेरिया के बढ़ते मरीज के रोकथाम के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल ओपीडी परिसर मुख्य अतिथि उपायुक्त रमेश घोलाप सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह उपाधीक्षक अवधेश कुमार सिंह डॉ कमलेश कुमार बीपीएल प्रवीण कुमार सिंह ने मुख्य रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की जो कार्यक्रम 30 सितंबर तक चलायी जायेगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि का आभार प्रकट कर सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि फलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसके वजह से प्रभावित अंग जैसे हाथ पाव का फूलना वह हाइड्रोसील बड़ा होना जैसी अन्य बीमारी होता है, उसे रोकथाम के लिये अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जायेगी जिसकी शुरूआत सदर अस्पताल से किया गया। वही जिला भीवीडी ऑफिसर डॉक्टर कमलेश कुमार ने कहा कि लगातार इस वर्ष शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा एवं सीएचडी धुरकी अंतर्गत शत प्रतिशत जनसंख्या को फाइलेरिया रोग की दवा की एक कल खुराक पिलाई जानी है, लोगों को दवा दी नहीं जायेगी उन्हें खिलाया जायेगा ताकि फाइलेरिया को रोका जाये और लोग इसे ग्रसीत ना हो। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य उप केंद्र वार्ड कार्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थान को बूथ के रूप में चिंहित कर दवा सेवन कराया जायेगा। कार्यक्रम में कुल लक्ष्य 154212 लक्षित जनसंख्या 138790 कुल बूथों की संख्या 140 कुल दवा प्रशासकों की संख्या 280 सुपरवाइजर की संख्या 28 डीईसी दवा की खर्च 385529 अल्बेंडाजोल 154212 है। मौके पर जिला महामारी विशेषज्ञ संतोष मिश्रा कमलेश झा आशुतोष सिन्हा वह स्वास्थ्य विभाग के एएनएम जीएनएम स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रांची में भारत संचार निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक के कार्यालय में दूरसंचार सलाहकार समिति की आयोजित बैठक में शामिल हुआ। उक्त बैठक में आकांक्षी जिलों में यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) के तहत स्वीकृत बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) मोबाइल टावरों के स्थापना के लिये विस्तृत चर्चा हुई। विदित है कि पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले क्रमशः पलामू एवं गढ़वा अकांक्षी जिलों की श्रेणी में आते हैं। पलामू जिला के 21 स्थानों पर क्रमशः चैनपुर-रामगढ़ प्रखंड के पंचायत चोरहट ग्राम महावत मुरिया सैनी, मरगाड़ा, डाटम, पंचायत बासडीह खुर्द ग्राम अरगाड़ा, हुसैनाबाद प्रखण्ड के पंचायत महुडंड ग्राम लोहबंधा, मुहम्मदगंज प्रखंड के पंचायत कादल कुर्मी ग्राम महुर, नौडीहा बाजार प्रखंड के पंचायत डगरा ग्राम आंता कलां, जमुना, चौखरा, डगरा, रायबरे, रतनाग उर्फ सिरहा, पंचायत करकट्टा ग्राम गोरहो, छतरपुर प्रखंड के पंचायत हुलसाम ग्राम लातदाग, रजदेरवा, पाटन प्रखंड के पंचायत कसवाखाड़ ग्राम चेतमा, बुरही, बुका, तलैया, हरिहरगंज प्रखंड पंचायत सरसोत ग्राम तरवा उर्फ अकौनी, नावाबाजार प्रखंड के पंचायत कुंभी कला ग्राम बंदुआ एवं गढ़वा जिला के 32 स्थानों पर क्रमशः रंका प्रखंड के पंचायत दुधववाल ग्राम गंगूडीह, पंचायत ग्राम चुतरू ,बरदरी, बांदु, पचायत कटरा ग्राम बरवाही, कर्री, पंचायत खरडीहा ग्राम सिंजो, चिनियॉ प्रखण्ड के पंचायत बरवाडीह ग्राम चपला उर्फ चोपलो, स्थानों पर उक्त टावरों की स्थापना की जायेगी।

# मुख्यमंत्री का आभार जताया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुरा/गढ़वा।** प्रखंड के जेएमएम कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों ने हेमंत सोरेन सरकार को झारखंड में 1932 का खतियान लागू एवम रमना बिशुनपुरा भाया मझिआंव सड़क का चौड़ीकरण की स्वीकृति देने और ओबीसी आरक्षण लागू करने पर आभार जताया है। झारखंड कैबिनेट की बैठक में बुधवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। बिशुनपुरा प्रखंड के समाजसेवी नवल किशोर गुप्ता ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में झामुमो ने जनता से वादा किया था कि हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद झारखंड में 1932 का खतियान लागू किया जायेगा। सरकार 1932 के आधार पर अब स्थानीय होने का नियम परिभाषित करेगी।सरकार के करीब ढाइ साल पूरे होने के बाद हेमंत सोरेन ने इस वादे पर अमल करते हुए कैबिनेट से इसे पास कर दिया है। साथ ही रमना बिशुनपुरा भाया मझिआंव सड़क जो जर्जर एवं गाड़ियों से जाम हो जा रहा था लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था जिसे हेमंत सरकार ने स्वीकृति दे दी है। इस चौड़ीकरण सड़क बन जाने से सभी परेशानियों से निजात मिल जायेगा। वहीं चौक चौराहों पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर रहे थे हेमंत सोरेन जिंदाबाद, मिथलेश ठाकुर जिंदाबाद, ताहीर अंसारी जिंदाबाद, छोटे राजा जिंदाबाद, तथा पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी। इस शुभ घड़ी में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ललन सोनी, लतीफ अंसारी, मखन पासवान, धर्मेंद्र सिंह, यासीन अंसारी, गयासुद्दीन अंसारी, रामाश्रय यादव, सुरेश भंडारी, संजय गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि चंदन मेहता, विजय चौरसिया,रंजीत चंद्रवंशी, शिवप्रसाद गुप्ता, श्यामसुंदर चंद्रवंशी,शिव कुमार ठाकुर, सचन सिंह, संजय चंद्रवंशी, मानिक सिंह, लक्ष्मण चंद्रवंशी, पृथ्वी पाल, लव सिंह, हेमंत सिंह, भरदुल चंद्रवंशी, कमरूदीन अंसारी, अकबर अंसारी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला के तीन खिलाड़ी झारखंड टेनिस बॉल क्रिकेट टीम में शामिल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उत्तराखंड के हरिद्वार में 21 से 24 सितंबर तक आयोजित 30वी जूनियर राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पिछले महीने जामताड़ा में आयोजित झारखंड राज्य टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के आधार पर झारखंड टीम की घोषणा की गई है जिसमें गढ़वा के तीन खिलाड़ी जगह बनाने में सफल हुए इसमें गढ़वा के साहिल सिद्धकी को टीम का उप कप्तान बनाया गया है इनके साथ अनुज कुमार मेहता और लव कुमार टीम में जगह बनाने में सफल हुए हैं सभी खिलाड़ी 19 सितंबर को हरिद्वार के लिए रवाना होंगे जिले के इस उपलब्धि पर झारखंड राज्य टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष सह गढ़वा जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव आलोक कुमार मिश्रा झारखंड राज्य टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के चयनकर्ता प्रिंस सोनी सहित गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव गुड्डू सिंह, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, उमेश सहाय, ओमप्रकाश तिवारी, विजय केसरी, उदय नारायण तिवारी, मदन केसरी, अरविंद कुमार, जगन्नाथ राम, सत्येंद्र प्रसाद यादव, चंद्र बहादुर सिंह, धर्मेंद्र पाल, कमलेश पांडे, किशोर कुणाल, सुशील तिवारी, अजय कांत, कॉसलेस तिवारी, अभय कांत आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


अभिहित अधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, कोडरमा

आम सूचना

एतद् द्वारा कोडरमा अनुमंडल अंतर्गत सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया जाता है कि FSSAI, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता अपने-अपने रसीद पर 14 नम्बर का FSSAI License No. अनिवार्य रूप से अंकित / दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे एवं उक्त निर्देश का अनुपालन नहीं किये जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्त्ता के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिसका जिम्मेवार वे (संबंधित कारोबारकर्त्ता) स्वयं होगें।

इसे अतिआवश्यक समझें।

अभिहित अधिकारी -सह-
अनुमंडल पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 277960 District(22-23)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़।

(संविदा आधारित नियुक्ति संबंधी सूचना)

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ में जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु MIS Coordinator, IEC Coordinator, एवं SBM cum SLWM Coordinator का संशोधित अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। लिखित परीक्षा एवं दक्षता मुल्यांकन की तिथि की सूचना NIC Ramgarh एवं अखबार के माध्यम से दी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR 277939 Drinking Water and Sanitation(22-23)D


## धुरकी प्रखंड की कनहर नदी के बालचौरा में पुल नहीं

# रोजाना हजारों लोग जान जोखिम मे डालकर नाव पर होते हैं सवार



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी/गढ़वा।** धुरकी प्रखंड का बहुप्रतीक्षित कनहर नदी स्थित बालचौरा मे पुल का निर्माण नहीं होने से रोजाना हजारों लोग अपनी जान को जोखिम मे डालकर उफनते कनहर नदी की जलधारा में नाव से सवारी करते हैं। बालचौरा मे पुल नहीं बनने के कारण नाव पर सवार होकर जा रहे एक दर्जन से अधिक लोग कनहर की उफनती जलधारा में समा चूके हैं। आपको बता दें बालचौरा स्थित कनहर नदी में पुल निर्माण के लिए एक दशक से यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधी पुल निर्माण कराने के लिए दावा कर चुके हैं, लेकिन हुआ क्या सिर्फ बालचौरा में पुल के निर्माण के लिए शिलान्यास। बालचौरा में पुल के निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही दो बार शिलान्यास कर चुके हैं। वहीं एकबार तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास भी शिलान्यासकर चुके हैं। उसके बाद बालचौरा में पुल निर्माण के साथ मुख्य पथ बालचौरा तक पहुंच पथ के साथ ठेकेदार ने कार्य भी शुरू कर दिया था, इसके बाद वन विभाग ने आपत्ति दर्ज कर एनओसी देने मे लंबी प्रक्रिया लगायी, हलांकि वन विभाग के अनुसार अब बालचौरा मे पुल निर्माण के लिए एनओसी दिये जाने की बात कही जा रही है।

### पुल निर्माण कराने का विधायक कर चुके हैं दावा

पथ निर्माण विभाग भी पुनः बालचौरा में एप्रोच पथ एवं उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए एकबार फिर टेंडर भी जारी किया है। स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही भी लगातार अपनी सभाओं में बालचौरा पुल निर्माण कराने के लिए दावा करते आये हैं, उन्होंने तो इतना तक कह दिया है की अक्तूबर माह में वह सांसद के साथ बालचौरा पुल निर्माण के लिए शिलान्यास कर कार्य को युद्ध स्तर पर ठेकेदार से करायेंगे और झारखंड को सीधे छत्तीसगढ़ से जोड़कर एक नया इकनॉमिक कोरोडार बनायेंगे। वहीं इस पुल के निर्माण होने से नगरउटारी सगमा डंडई एवं धुरकी का समग्र विकास होगा।


कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 20/2022-23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :- जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :- दिनांक 27.09.22 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 28.09.22 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 28.09.22 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :- जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :- जिला योजना अनाबद्ध मद

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चौपारण | मध्य विद्यालय, दुरागढ़ा में चार कमरा का निर्माण। | 2940700.00 | 5000.00 | 60000.00 | छः माह |

नोट :- 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 277979 District (22-23)_D

# स्कूटी की डिक्की तोड़ उड़ाये लाखों के गहने

## चोरी हुए सोने और चांदी के आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बाजार टांड़ के समीप एसएस हाई स्कूल के सामने स्थित एक ज्वेलरी दुकानदार की स्कूटी की डिक्की तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपये के जेवरात से भरे थैली चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार की सुबह 11.30 बजे घटी। इसके तत्काल बाद हुंटार चलागी निवासी भुक्तभोगी ज्वेलर्स शुभम सोनी ने खूंटी पुलिस को घटना की जानकारी दी। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल में जुट गई। भुक्तभोगी ज्वेलर्स ने बताया कि चोरी गए सोने व चांदी के आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये से अधिक है। घटना के संबंध में उसने बताया कि इस दिन वह स्कूटी की डिक्की में जेवरात से भरा थैला रखकर दुकान खोलने लगा। तभी देखा कि दुकान के शटर के समीप किसी ने शौच कर दिया है। दुकान के ठीक सामने पड़े मल को धोने के लिए उसने दुकान का शटर खोलकर, बाल्टी निकाली और रोड के उस पार स्थित शिक्षा विभाग के पुराने कार्यालय परिसर के अंदर स्थित कुएं से पानी लाने चला गया। कुआं से पानी लाकर मल को धोने के बाद उसने स्कूटी की डिक्की खोलना चाहा, तो वह टूटी मिली। जब उसने डिक्की खोला, तो जेवरात से भरा थैला नदारद पाया। यह देख उसके होश उड़ गए। शुभम ने बताया कि छह महीना पहले ही उसने वहां पर आभूषण की दुकान खोली थी। उसने बताया कि सप्ताह में सिर्फ दो दिन शुक्रवार और सोमवार को साप्ताहिक हाट के दिन ही वह दुकान खोलता है। पिछले शुक्रवार को भी उसके दुकान के बाहर किसी ने शौच कर दिया था। लेकिन उस दिन बारिश होने के कारण उसने दुकान नहीं खोली थी। दुकानदार की इन बातों से यह आभास होता है कि उचक्के कुछ दिनों पूर्व से ही उक्त ज्वेलर्स के स्कूटी से गहने उड़ाने की फिराक में होंगे। इसके लिए दुकानदार की हर गतिविधि की रेकी की गई होगी। अपनी योजना के अनुसार ही उचक्के दुकान के बाहर मल फेंक दिए होंगे। उचक्कों की इस साजिश में ज्वेलर्स फंस गया और उन लोगों ने अपना हाथ साफ कर दिया। साप्ताहिक हाट के दिन अत्यधिक भीड़भाड़ रहने वाले उस क्षेत्र में उचक्के इतनी सफाई से इस घटना को अंजाम दिए कि दुकान से सटे मुर्गा दुकानदार सहित अन्य किसी को भी इसकी भनक तक नहीं लगी। उधर, पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर उचक्कों की तलाश में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक किसी गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।


ज्वेलर्स दुकानदार से घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

### बैंक से पैसे निकाल कर निकल रही महिला के बैग से निकाले 50 हजार

खूंटी (आजाद सिपाही)। शहर के मुख्य पथ के किनारे स्थित बैंक ऑफ इंडिया खूंटी शाखा से पैसे निकालकर बैंक की सीढ़ी से नीचे उतर रही एक महिला के हैंडबैग को ब्लेड से काटकर उचक्कों ने 50 हजार रुपए उड़ा लिए। शुक्रवार दोपहर हुई इस घटना के तत्काल बाद भुक्तभोगी महिला कटहल टोली निवासी ग्रेस सुरीन ने खूंटी थाना की पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की तहकीकात शुरू कर दी। प्रथम तल्ले में अवस्थित बैंक में जाने के लिए बाहर से जो सीढ़ी है, उसमें आश्चर्यजनक ढंग से कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया है। इस स्थिति में बैंक के बाहर अन्य मार्केट कंपलेक्स में लगे सीसीटीवी कैमरा को पुलिस खंगाल कर उचक्कों की तलाश में जुटी है। भुक्तभोगी महिला ने बताया कि उचक्के कब उसके बैग से पैसे निकाल लिए उसे पता ही नहीं चला। जब बैंक से बाहर निकली तो कुछ देर बाद उसकी नजर अपने बैग पर पड़ी, तो उसके होश उड़ गए। महज एक घंटे के अंतराल में ही शहर के दो विभिन्न क्षेत्रों से स्कूटी से जेवर उड़ाने और बैग काटकर रुपये उड़ाने की घटना को अंजाम देकर उचक्कों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली आभार यात्रा



खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड वासी 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करने और ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता पिछले कई वर्षों से आंदोलन कर रहे थे। आखिरकार उनकी मेहनत और आंदोलन रंग लायी और लंबी लड़ाई के बाद झारखंड की महागठबंधन सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए इन दोनों मांगों को कैबिनेट की बैठक में पारित कर दिया। जैसे ही यह समाचार लोगों को मिला, पूरे झारखंड में खुशी की लहर दौड़ गई। झारखंड वासी और ओबीसी ने शुक्रवार को जुलूस निकाल कर मिठाई बाटकर खुशी का इजहार किया। साथ में महागठबंधन की अगुवाई वाली सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन और कांग्रेस के कैबिनेट के मंत्रियों को बधाई दी। ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर खूंटी जिला कांग्रेस ओबीसी सेल के जिलाध्यक्ष सोनू इमरान और कांग्रेस अल्पसंख्यक के खूंटी जिलाध्यक्ष कैसर खान के नेतृत्व में खूंटी में कई बार धरना-प्रदर्शन किया गया था। सोनू इमरान ने कहा कि ओबीसी झारखंड प्रदेश के प्रभारी अजय यादव, ओबीसी प्रदेश चेयरमैन अभिलाष साहू, कांग्रेस झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की मुख्य भूमिका रही है। इन सभी को खूंटी जिला ओबीसी और कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला खूंटी की ओर से आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिनेश महतो, मुकेश महतो, देवसाय, साबिर अंसारी, आमिल अफसर सहित कई लोग मौजूद थे।

## छात्र-छात्राओं को दी गयी एमडीए कार्यक्रम की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी के निर्देश पर खूंटी जिले में मिशन मोड में एमडीए कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। मुरहू में चल रहे एमडीए कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को सदर अस्पताल और एमडीए की राज्य स्तरीय टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मुरहू एवं संत जॉन विद्यालय मुरहू में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन और मुरहू के बीडीओ ने एमडीएम कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि जिले में व्यापक स्तर पर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसकी कार्य योजना निर्धारित समय पर पूर्ण करते हुए इस कार्य को ग्राम स्तर पर भी सफल बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बूथ कार्यक्रम एवं घर-घर जाकर दवा वितरक के सामने दवा खिलाई जानी है। दवा खिलाने के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उप केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वार्ड कार्यालय को बूथ बनाया गया है, जहां जाकर दवा का सेवन कराया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत दो वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा की खुराख दी जाती है। यदि यह दवा सामुदाय द्वारा लगातार कम से कम पांच वर्ष तक की आयु को दवा दी जाय तो मानव सामुदाय से फाइलेरिया पारासाइट का खात्मा हो सकता है। उन्होंने बताया कि यह दवा दो वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिला और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को नहीं देनी है। उन्होंने बताया की खुराक पूर्णतः सुरक्षित है। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के संबंध में बताया गया कि हमारे शरीर के अंदर बहुत सारे जीवाणु, विषाणु, प्रोटोजोआ आदि निवास करते हैं। इनमें से कुछ हमारे शरीर के लिए लाभदायक है, पर कुछ ऐसे भी हैं जिससे हमारे शरीर को हानि पहुंचती हैं। ऐसे में हमारे लिए यह आवश्यक होता है कि हम उसे चिन्हित कर उसका नाश करें, ताकि हमारे शरीर की रक्षा वैसे हानिकारक जीवाणुओं से हो सके। इसके लिए हम तरह-तरह के औषधियों का सेवन भी करते हैं। इसी प्रकार कृमि संक्रमण भारत के लिए जनस्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण विषय है एवं बच्चों में यह सर्वाधिक होता है, जिससे बच्चों के शारीरिक विकास, पोषण और ज्ञान संबंधी विकास के साथ-साथ विद्यालय की उपस्थिति पर भी कुप्रभाव पड़ता है। अतः इसकी रोकथाम के लिए आवश्यक है कि एक से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को निश्चित समयांतराल पर कृमि नाशक दवाई का सेवन करायी जानी चाहिए।




### स्वच्छ गांव, स्वस्थ्य गांव बनाने का लिया संकल्प



खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू प्रखंड सभागार में प्रखंड बाल विकास पदाधिकरी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी और जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम दो अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम में जलसहिया को प्रत्येक दिन की जानेवाली गतिविधियां करने का निर्देश दिया गया। सुखा, गिला, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर अपने ग्रामों में कार्य करना है। ग्रामवार क्षेत्र भ्रमण करना है एवं सामुदायिक बैठक करनी है। स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, बाजार टांड़ में भी स्वच्छता का काम करना है। इससे पूर्व सभी जलसहियाओं ने स्वच्छता की शपथ ली कि वे गांव, पंचायत, प्रखण्ड को साफ रखेंगी। स्वच्छ गांव, स्वस्थ्य गांव बनाने का भी संकल्प लिया। इस मौके पर बाल विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, जिला समन्वयक, प्रखण्ड समन्वयक, कनीय अभियंता, सिनी टाटा ट्रस्ट, प्रिंस आर्ट और जलसहिया दीदी कार्यक्रम में शामिल थे।

### खलारी में नये अंचल निरीक्षक ने संभाला पदभार



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी अंचल में नए अंचल निरीक्षक केके वर्मा ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया। इससे पहले वे देवीपुर अंचल (देवघर) में पदस्थापित थे। पूर्व सीआई कुमार सत्यम भारद्वाज के स्थानांतरण के बाद से यह पद रिक्त था।

## कल्याणपुर मस्जिद के पास बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ डायवर्सन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कल्याणपुर मस्जिद के पास पुल के बगल में बनाए गए डायवर्सन इन दिनों काफी खतरनाक हो चुका है. जिस कारण आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार बहेरा से कल्याणपुर तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। करीब चार वर्ष पहले शुरू किए गए सड़क निर्माण का कार्य अभी तक पूरा नहीं किया गया है। वहीं सड़क निर्माण के बीच कल्याणपुर मस्जिद के पास एक पुल का भी निर्माण किया जाना है। पुराने पुल को तोड़ दिया गया है,जबकि पुल के बगल से डायवर्सन बनाया गया है। बरसात के इस मौसम में पानी का तेज बहाव होने के कारण पुल का डायवर्सन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है । लोग जान जोखिम में डालकर डायवर्सन से आवागमन करने को मजबूर है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि चार साल पहले शुरू किये गये डेढ़ किलोमीटर लंबी यह सड़क निर्माण का कार्य अभी तक पूरा नहीं किया गया है। कंपनी की ओर से काफी धीमी गति से निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं पुल को तोड़कर उसके बगल से डायवर्सन बनाया गया है, लेकिन हल्की बारिश में डायवर्सन का मिट्टी बह जाने से डायवर्सन क्षतिग्रस्त होता जा रहा है। कई बार यहां दो पहिया वाहन चालक गिरकर घायल भी हो चुके हैं, लेकिन अभी तक इस पर किसी का ध्यान नहीं है। यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



### जागृति महिला मंडल की ओर से दो दिव्यांगों को दिया गया व्हील चेयर



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा संगम विहार क्लब में जागृति महिला मंडल की पिपरवार क्षेत्र की ओर से समारोह आयोजित कर दो दिव्यांगों को व्हील चेयर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा मिनीता सहाय, विनीता पाठक और रीना देवी द्वारा संयुक्त रूप से दोनों दिव्यांग जनों को व्हील चेयर दिया गया। महिला मंडल की अध्यक्षा मिनीता सहाय ने बताया कि सीसीएल की अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा विमला प्रसाद के निर्देश पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अर्पिता महिला मंडल के निर्देश पर समय-समय पर पिपरवार क्षेत्र के असहाय और जरूरतमंदों के बीच जागृति महिला मंडल की ओर से इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा। उन्होंने आगे भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करने की बात करते हुए क्षेत्र के लोगों से भी गरीब, असहाय और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। इस मौके पर महिला मंडल की ओर से बचरा वनबीआर कालोनी निवासी पिंकी कुमारी पिता सूरज पासवान और बचरा आंबेडकर नगर निवासी शहदेव राम को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की कई सदस्य मौजूद थी।

### पांच दिवसीय स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का समापन

खूंटी (आजाद सिपाही)। झालसा, रांची के निर्देश के आलोक में व्यवहार न्यायालय खूंटी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में आयोजित पांच दिवसीय स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का शुक्रवार को समापन हो गया। मेडिएशन ड्राइव के तहत मध्यस्थता केंद्र व्यवहार न्यायालय खूंटी में मोटर वाहन दुर्घटना एवं चेक बाउंस विवाद संबंधित सात वादों का सुलह-समझौता कराया गया।

## धरना समाप्त, 15 दिनों में गांव में बिजली बहाल करने मिला आश्वासन

# रैयत ग्रामीणों से वार्ता के बाद कोयला ढुलाई शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** बरवाटोला और मनुटांड सहित आसपास के रैयत ग्रामीणों द्वारा अपनी मांगों को लेकर चूरी परियोजना गेट के समक्ष जारी धरना शुक्रवार को त्रिपक्षीय वार्ता के बाद समाप्त हो गया। धरना स्थल पर पंहुचे चूरी पीओ कमल मांझी व अन्य परियोजना अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधियों व रैयत ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि आश्वासन देने के बाद भी रैयत व ग्रामीणों को बिजली नहीं दी गई। वहीं ग्रामीणों की जमीन सीसीएल द्वारा वर्षों पहले अधिगृहित कर ली गई हैं लेकिन उन्हें न तो जमीन का मुआवजा ही मिल पाया है और न ही नौकरी। पूर्व में इसे लेकर किए आंदोलन के बाद एनके एवं पिपरवार प्रबंधन के साथ वार्ता भी हुई थी। जिसमें रैयत ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। लेकिन इसके बावजूद आज तक हम ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं से दूर है। प्रबंधन द्वारा दिए गए आश्वासन के पूरा नहीं होने से रैयत ग्रामीण काफी आक्रोशित दिखे। वहीं वार्ता में चूरी पीओ कमल मांझी ने ग्रामीणों को आश्वास्त किया कि 15 दिनों के अंदर बरवाटोला और मनुटांड में बिजली बहाल कर दिया जाएगा। जिसके बाद रैयत ग्रामीणों ने धरना समाप्त करते हुए कोयला ढुलाई कार्य को चालू होने दिया। वहीं धरना वापस लेते हुए ग्रामीणों ने प्रबंधन को चेताया कि अगर 15 दिनों के अंदर ग्रामीणों को बिजली मुहैया नहीं कराई गई तो पिपरवार सहित पूरा कोयलांचल बंद कर दिया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी। बतातें चलें कि गांव में बिजली बहाल करने सहित अन्य मांगों को लेकर बरवाटोला और मनुटांड सहित आसपास के रैयत ग्रामीणों ने गुरुवार की दोपहर से चूरी परियोजना से होने वाला कोयला ढुलाई को बंद कराते हुए चूरी परियोजना गेट के समक्ष धरना पर बैठ गए थे। धरना करीब 20 घंटे चला, जो शुक्रवा रको रैयत ग्रामीणों की चूरी प्रबंधन एवं यूनियन प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के बाद समाप्त हुई। मौके पर प्रबंधन की ओर से पर्सनल मैनेजर उमेश चंद्रा साहू, मैनेजर दीपक कुमार, यूनियन की ओर से रतिया गंझू, एनके एरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष इरफान खान, दीनेश भर, प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।


रैयतों से वार्ता करनें के लिए पंहुचे पीओ कमल मांझी एवं अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### निकाली गयी पोषण जागरूकता रैली



खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा स्थित युकेस कालेज में एनएसएस कार्यक्रम के तहत एनएसएस इकाई के प्रोफेसर गजेंद्र यादव के नेतृत्व में डकरा युकेस कालेज से लेकर दक्षिणी चूरी पंचायत के अम्बाटोंगरी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तक पोषण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान दक्षिणी चूरी पंचायत मुखिया मलका मुंडा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित महिलाओं तथा बच्चों को ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादन होने वाले फल फूल एवं साग सब्जियों का सेवन करने को कहा गया। ताकि बच्चे कुपोषण का शिकार न हो। वही बताया गया कि झारखण्ड, बिहार तथा असम जैसे पिछड़े राज्यों में महिलाएं और बच्चे एनिमिया बिमारी का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों को सलाह दिया गया कि खुले में बनने वाले खाद्य समानों का उपयोग बच्चों के लिए न करे। इस जागरूकता रैली में शिप्रा आनंद, यशपाल सिंह, आदित्य कुमार, सुनील सतनामी, मंतोष चैहान, चिरंजीवी, इंदु, पूनम, राजनंदनी सहित अन्य स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

### कौंसिल के लोगों ने 1932 खतियान प्रस्ताव पारित होने पर मनाया जश्न



खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा गुरुद्वारा चौक में ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी कौंसिल मगध आम्रपाली के लोगों ने 1932 खतियान को नियोजन नीति में लाने तथा झारखंड में एससी को 12 फीसदी, एसटी को 28 फीसदी और ओबीसी को 27 फीसदी एवं सामान्य वर्ग को 10 फीसदी नियोजन में आरक्षण देने को लेकर कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव पास होने पर जश्न मनाया। काउंसिल के सदस्यों द्वारा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनके कैबिनेट के सभी मंत्रियों को बधाई दी। जिसमें मुख्य रुप से काउंसिल के विश्वनाथ महतो, विजय बेदिया, वासुदेव गंझू, दीपक करमाली, नंदकिशोर भोगता, दशरथ गंझू, प्रदीप महतो, सुलेमान हांसदा, विनोद उरांव, शंकर गंझू, विनोद महतो, विष्वनाथ गंझू, सुरेंद्र गंझू, संतोष ड्रोंगरा सहित अन्य काउंसिल के सदस्य शामिल थे।

### जिउतिया और विश्वकर्मा पूजा को लेकर गुलजार रहे खलारी कोयलांचल के बाजार



खलारी (आजाद सिपाही)। जिउतिया और विश्वकर्मा पूजा को लेकर खलारी कोयलांचल के बाजारों व चौक-चौराहों पर काफी गहमा गहमी रही। विश्वकर्मा पूजा को लेकर खलारी के मुख्य केडी बाजार में जहां वाहनों के साज सज्जा के लिए दुकाने लगी है। वहीं फल-फूल और पुष्प माला की दुकानों में भी पूजा को लेकर अपने-अपने स्टॉक बिक्री के लिए रख लिए है। शुक्रवार को वाहन मालिकों द्वारा अपने-अपने वाहनों को साफ सफाई कर शनिवार को विश्वकर्मा पूजा की पूरी तैयारी की गयी। इधर, खलारी कोयलांचल में विभिन्न जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं जिउतिया पर्व को लेकर भी मोहननगर साप्ताहिक हाट बाजार में मड़ुआ का आटा, नोनी का साग, सतपुतिया झिंगी सहित पूजा में उपयोग होने वाली सब्जियों के रेट काफी अधिक रहे। हाट बाजार व केडी मुख्य बाजार में जिउतिया धागा गूंथने वाले दुकान भी लगाए गए है।

### पिपरवार के कई विद्यालयों में चीता संरक्षण जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। भारत में विलुप्त हो चुके चीता को भारत सरकार की ओर से नामिबिया से लाकर मध्य प्रदेश के वन्य जीव अभ्यारण्य में बसाने की प्रक्रिया चल रही है। भारत में चीता के पुनः आगमन एवं पर्यावरण संतुलन में चीता के महत्व के प्रति विद्यालयी छात्रों में जन जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिपरवार क्षेत्र में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीओसी में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सीसीएल पिपरवार प्रबंधन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया और बच्चों को चीता संरक्षण के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों और पर्यावरण संतुलन के लिए उसके महत्व पर प्रकाश डाला। डीएवी बचरा में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत सहायक महाप्रबंधक निरंजन सेनापति ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शामिल अन्य सीसीएल अधिकारियों में स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी डीके शर्मा,पर्यावरण अधिकारी संजय कुमार, सत्येंद्र कुमार, बीके झा शामिल है। मुख्य अतिथि निरंजन सेनापति ने बच्चों को पर्यावरण संतुलन के लिए चीता की उपयोगिता को समझाते हुए बच्चों से वन्य जीवों के संरक्षण की जरुरतों को बताते हुए पर्यावरण की रक्षा के लिए सबको मिलजुल कर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार पांडे और धन्यवाद ज्ञापन सत्य प्रकाश तिवारी ने किया। वहीं, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीओसी में भी चीता संरक्षण पर हुए जागरुकता कार्यक्रम में सीसीएल अधिकारियों की ओर से बच्चों को संबोधित किया गया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

# मेहनत का कोई विकल्प नहीं, पढ़ाई में इमानदारी पूर्वक परिश्रम करें विद्यार्थी : आयुक्त

## विद्यार्थियों से विद्यार्थियों को गाइड कराने एवं ग्रुप में पढ़ाई की व्यवस्था से परिणाम आयेंगे बेहतर

- तकनीक का सदुपयोग करें विद्यार्थी, उपकरण के रचनात्मक उपयोग से होगा ज्ञान अर्जन
- राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, लेस्लीगंज में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, मेधावी छात्र- छात्राओं को किया गया सम्मानित



**मेदिनीनगर (आजा सिपाही)।** मेहनत का कोई दूसरा विकल्प नहीं होता। विद्यार्थी अपनी लगन के साथ पढ़ाई में इमानदारी पूर्वक परिश्रम करें और एक-दूसरे विघार्थियों के साथ संवाद स्थापित करें। समूह में बैठकर पढ़ाई करने से बेहतर परिणाम आएंगे। शिक्षक भी विघार्थियों को समूह में पढ़ाई एवं एक-दूसरे से सकारात्मक संवाद स्थापित कराने के लिए विघार्थियों को प्रेरित करें। उक्त बातें पलामू आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे शुक्रवार को राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लेस्लीगंज में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। समारोह के तहत मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं एक विद्यार्थी को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। आयुक्त ने कहा कि विद्यार्थियों में हमेशा सीखने की जिज्ञासा होनी चाहिए। जिन बातों को वे नहीं जानते हैं, उसके संबंध में शिक्षक से जानकारी प्राप्त कर ज्ञान वर्धन करें। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि अभिभावक शिक्षकों को माहौल दें, ताकि विघालयों में वे बेहतर शैक्षणिक माहौल दें सकें।? उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक एक दूसरे के साथ समन्वय एवं सहयोगात्मक भावना से कार्य करें। इससे शैक्षणिक स्तर में सुधार होगा और सरकारी विद्यालयों के प्रति लोगों का अच्छा इंप्रेशन बनेगा। स्कूलों की शिक्षा समिति को सक्रियता से शैक्षणिक माहौल पर ध्यान रखनी चाहिए। उनकी मदद से स्थानीय स्तर पर गुणवान युवा एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को विघालय से जोड़ने का कार्य करें। शिक्षण कार्य में उनके सहयोग एवं उनकी क्षमता उपयोग से सरकारी विद्यालयों में और बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार होगा। इससे उनका भी ज्ञानसंवर्धन होता रहेगा। उन्होंने मोबाइल एवं अन्य तकनीकी उपकरणों के दुरुपयोग से विद्यार्थियों को बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उपकरण के दुरुपयोग से अपना नुकसान होता है। इसलिए इसकी रचनात्मक उपयोग होनी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि वे बच्चों की प्रतिभा एवं उनकी क्षमता को पहचाने और उनकी रूचि के अनुसार कैरियर चुनाव में मदद करें। उन्होंने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए अपनी कमजोरियों को पहचानकर उस अनुरूप तैयारी करने पर बल दिया। उन्होंने हमेशा सफल होने के प्रयास पर बल दिया। साथ ही शिक्षकों को विद्यालय एवं शैक्षणिक व्यवस्था की ऑनरशीप रखते हुए शैक्षणिक वातावरण की बातें कही। प्रतिभा सम्मान समारोह में गिरीवर प्लस टू उच्च विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक चंद्रबली चौबे सहित अन्य शिक्षकों ने संबोधित किया। संचालन अंबरिश पांडेय एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर विजय प्रकाश, गिरीवर प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य नीरज द्विवेदी, चैनपुर प्लस टू उच्च विद्यालय के आरपी शर्मा, अविनाश पांडेय, सत्येंद्र कुमार, अजय कुमार, अरशद हुसैन, विशाल कुमार, प्रतिभा कुमारी सहित अन्य शिक्षक- शिक्षिका, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गरीबों का अनाज घोटाला करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : कमलेश सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अपर सचिव ने निदेशक को पलामू के हुसैनाबाद व हैदरनगर में अगस्त माह के लाभुको का अनाज नही मिलने की जांच का निर्देश दिया है। अपर सचिव ने खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय के निदेशक को लिखे पत्र में कहा है कि पलामू जिला के हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड के जन वितरण दुकानदारों को अगस्त माह का खाद्यान्न नही मिला है। इस सम्बंध में हुसैनाबाद के विधायक द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है। सचिव ने यह भी निर्देश दिया है कि मामले की जांच कर माननीय सदस्य को अपने स्तर से अवगत कराने का कार्य करेंगे।इस मामले को लेकर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त दोनों प्रखंडों के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने लिखित जानकारी देकर स्थिति से अवगत कराया था। उन्होंने कहा की डीलरों के मुताबिक गोदाम प्रबंधक द्वारा पीएमजीकेएवाई का अनाज उपलब्ध कराया गया। जबकि एनएफएफसी का अनाज नही दिया गया। इस तरह का मामला दिसम्बर 2021 में भी हुआ था. जिसमे ग्रीन कार्ड का राशन नही दिया गया था। लेकिन एनआईसी द्वारा डीलर के स्टॉक में दिखा दिया गया था। विधायक ने कहा कि डीलरों को दोनों मद का अनाज दिया जाये। ताकि लाभुकों को ससमय लाभ दिया जाये।बिधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस मामले को एक बड़ा घोटाला बताया है।उन्होंने कहा कि जल्द ही अगस्त माह का अनाज उपभोक्ताओं तक नही पहुचा तो वह इस मामले को लेकर आंदोलनात्मक रुख अपनाने को बाध्य होंगे।उन्होंने कहा कि गरीबो के अनाज का घोटाला करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी।

# अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर किसान ब्रिगेड के तत्वावधान में एक दिनी धरना



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद विधानसभा सहित पूरे पलामू जिला को अकाल क्षेत्र घोषित करने तथा ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर किसान ब्रिगेड के तत्वधान में शुक्रवार को हुसैनाबाद प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता लालधन ठाकुर तथा संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने कहा कि देश के अन्नदाता कर्ज में डूबे हुए हैं और अकाल के चलते दाने दाने को मुंहताज है जिसका संज्ञान लेने वाला कोई नहीं है। किसानों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण किसानों के भूमि का म्यूटेशन, नामांतरण तथा रसीद काटने के संबंधित हजारों मामले लंबित पड़े हुए हैं। आज इस धरना के माध्यम से किसान ब्रिगेड सरकार को चेतावनी देती है कि पलामू जिले को यथाशीघ्र अकाल क्षेत्र घोषित कर सभी किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करें।और हमारे 11 सूत्रीय मांगों को पूरा किया जाए अन्यथा किसान ब्रिगेड जिला मुख्यालय के समक्ष महा आंदोलन कर इसका विरोध प्रकट करेगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। धरना के समापन के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह को 11 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर किसान ब्रिगेड के सह संयोजक भुनेश प्रसाद, सच्चिदानंद सिंह ,अयोध्या सिंह टिकैत, पूर्व मुखिया डब्लू सिंह, अमित सिंह, अजय सिंह, विष्णु देव पासवान, लव कुश राजवंशी, अशोक कुमार सिंह, चंपा देवी, देवपति देवी, रेनू देवी, लालमति देवी ममता देवी और शकुंतला देवी सहित हजारों संख्या में गरीब मजदूर नौजवान किसान माताएं और बहनें उपस्थित थे।

# बीएसएनएल सलाहकार समिति की बैठक में पलामू सांसद हुए शामिल



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रांची में भारत संचार निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक के कार्यालय में दूरसंचार सलाहकार समिति की आयोजित बैठक में पलामू सांसद वीडी राम भी शामिल हुए। उक्त बैठक में आकांक्षी जिलों में यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (वरडत्र्) के तहत स्वीकृत बेस ट्रांसीवर स्टेशन मोबाइल टावरों के स्थापना हेतु विस्तृत चर्चा हुई। विदित है कि पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले क्रमशः पलामू एवं गढ़वा अकांक्षी जिलों की श्रेणी में आते हैं। पलामू जिला के 21 स्थानों पर क्रमशः चैनपुर-रामगढ़ प्रखण्ड के पंचायत चोरहट ग्राम महावत मुरिया सैनी, मरगाड़ा, डाटम, पंचायत बासडीह खुर्द ग्राम अरगाड़ा, हुसैनाबाद प्रखण्ड के पंचायत महुडंड ग्राम लोहबंधा, मुहम्मदगंज प्रखण्ड के पंचायत कादल कुर्मी ग्राम महुर, नौडीहा बाजार प्रखण्ड के पंचायत डगरा ग्राम आंता कलां, जमुना, चौखरा, डगरा, रायबरे, रतनाग उर्फ सिरहा, पंचायत करकट्टा ग्राम गोरहो, छतरपुर प्रखण्ड के पंचायत हुलसाम ग्राम लातदाग, रजदेरवा, पाटन प्रखण्ड के पंचायत कसवाखाड़ ग्राम चेतमा, बुरही, बुका, तलैया, हरिहरगंज प्रखण्ड पंचायत सरसोत ग्राम तरवा उर्फ अकौनी, नावाबाजार प्रखण्ड के पंचायत कुम्भी कला ग्राम बंदुआ, एवं गढ़वा जिला के 32 स्थानों पर क्रमशः रंका प्रखण्ड के पंचायत दुधववाल ग्राम गंगूडीह, पंचायत ग्राम चुतरू ,बरदरी, बांदु, पचायत कटरा ग्राम बरवाही, कर्री, पंचायत खरडीहा ग्राम सिंजो, चिनियॉ प्रखण्ड के पंचायत बरवाडीह ग्राम चपला उर्फ चोपलो, पंचायत हेटारकला ग्राम चलभीता, पंचायत खुरी ग्राम नगसिली, ग्राम पंचायत बिलैती खैर, दुदुहारा उर्फ राजबंष, श्री वंशीधर नगर प्रखण्ड के पंचायत भोजपुर ग्राम दहेरिया, भण्डरिया प्रखण्ड के पंचायत टेहरी ग्राम सरूवत, हेसातु, कोरवाडीह, रूद, तुमेरा, पंचायत मतगढ़ी(च) ग्राम पोलपोल, कोरवाडीह, चेमो, पंचायत बिचका ग्राम लिधकी, पंचायत जनेवा ग्राम जोनी खांड़ रमकण्डा प्रखण्ड के पंचायत बिरजपुर ग्राम दुर्जन, होमिया, डंडई प्रखण्ड के पंचायत तसरार, ग्राम चकरी, धुरकी प्रखण्ड के पंचायत अम्बाखोरेया ग्राम माछपानी, गनीयारी कलां, करवा पहाड़, रमना प्रखण्ड के वुल्का ग्राम धमधमीया उर्फ अतिआरी, पंचायत गम्हरीया ग्राम चना कलां, भवनाथपुर प्रखण्ड के पंचायत कैलान ग्राम कोनमंडरा स्थानों पर उक्त टावरों की स्थापना की जाएगी। साथ ही उक्त बैठक में पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद के घाघरा, घोड़बंधा, बरवाडीह, एकौनी, बलिगढ़, तेतरडीह, गरबांध, केतार, लोहरगाड़ा, परसोडीह, बरवाही, में भी बेस ट्रांसीवर स्टेशन टावर को स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है।

# दुर्गा पूजा को लेकर 51 लोगों ने नवयुवक संघ की सदस्यता ग्रहण की



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को महावीर चौक सतबरवा के दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर नवयुवक संघ के सदस्यों द्वारा बैठक किया गया। जिसमें 51 युवाओं ने सदस्यता ग्रहण किया। जिन्हें पुराने सदस्यों ने अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाने को लेकर चर्चा की गई। वही समिति के मीडिया प्रभारी पप्पू कुमार वर्मा ने कहा कि महावीर चौक में पिछले 30 वर्षों से दुर्गा पूजा सह नवाह परायण यज्ञ होते आ रहा जो करोना काल में दो वर्ष अच्छे ढंग से हम लोग नहीं मना पाए। इस वर्ष दुर्गा पूजा के साथ-साथ नवाह परायण यज्ञ का 31 वां अधिवेशन भव्य तरीके से मनाएंगे। हर वर्ष की तरह दिन में यज्ञ मंडप की परिक्रमा और श्री रामचरितमानस का पाठ और रात्रि में भक्ति जागरण तथा ,झांकी का कार्यक्रम होगा। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। मौके पर सतन जायसवाल, संतोष प्रसाद दीवाना, गुड्डू प्रसाद, राहुल प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, संतोष प्रसाद,कुंदन जायसवाल, गौरव जायसवाल, क्षितिज कुमार,अशोक प्रसाद, नान्हू प्रसाद, मधुकर मिश्रा, भोलू कुमार,अमृत कुमार, देवनाथ मिश्रा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



पंत और सैमसन को लेकर खूब हो रही चर्चा

# संजू सैमसन करेंगे इंडिया ए की कप्तानी : शार्दूल ठाकुर और उमरान भी टीम में शामिल, न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच 22 सितंबर को



**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की आगामी घरेलू सीरीज में इंडिया अ टीम की कप्तानी करेंगे। तीन मैचों की सीरीज सभी मैच चेन्नई में खेले जाएंगे। वनडे सीरीज की शुरूआत 22 सितम्बर से होगी। अगले दो मैच 25 सितम्बर और 27 सितम्बर को खेले जाएंगे। इंडिया अ की टीम में पृथ्वी शॉ, अभिमन्यु ईश्वरन, ऋतुराज गायकवाड, शार्दूल ठाकुर और उमरान मलिक भी शामिल हैं।

**सैमसन को लेकर दिग्गजों के बयान**

भारत के पूर्व चीफ सिलेक्टर एमएसके प्रसाद का कहना है कि, ह्यसवाल ये है कि किस खिलाड़ी की जगह संजू को टीम में मौका मिलना चाहिए। दीपक हुड्डा आपको एक एक्स्ट्रा बॉलिंग ऑप्शन देते हैं। वह संजू की ही तरह किसी भी ऑर्डर पर बैटिंग कर सकते हैं। श्रेयस ने श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर टीम मैनेजमेंट को टी 20 वर्ल्ड कप में संजू सैमसन को खिलाना होता तो वह उन्हें एशिया कप और आने वाली ऑस्ट्रेलिया व साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में मौका देकर आजमाती, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका मतलब है कि संजू सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप की प्लानिंग का हिस्सा ही नहीं थे। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने कहा है कि संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी के लिए ये थोड़ा अनफेयर है। उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप टीम में मौका दिया जाना चाहिए था। उन्होंने ऐसी क्या गलती की है जिसके चलते उन्हें टीम में स्थान नहीं दिया जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंडिया की घरेलू सीरीज में भी सैमसन को नजरअंदाज किया गया था। मैं ऋषभ पंत के बजाय संजू सैमसन को चुनता।

**पंत और सैमसन को लेकर खूब हो रही चर्चा**

जब से टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंडियन स्क्वॉड की घोषणा हुई है क्रिकेट फैंस और एक्सपर्ट के बीच दो नाम को लेकर काफी चर्चा हो है। ये नाम दिल्ली के ऋषभ पंत और केरल के संजू सैमसन हैं।दोनों विकेटकीपर बल्लेबाज हैं और भारतीय क्रिकेट के फ्यूचर स्टार्स माने जाते हैं। चयनकताओं ने खराब फॉर्म के बावजूद पंत को 15 मेंबर्स की टीम में शामिल किया है वहीं, सैमसन को जगह नहीं दी गई है। इसके बाद आरोप लग रहे हैं कि इउउक संजू सैमसन के साथ नाइंसाफी कर रहा है और पंत को लगातार खराब प्रदर्शन के बावजूद अहमियत दे रहा है।

# हुसैनाबाद में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने का आरोप, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत दरूआ गांव में दहेज के लिए रोमी देवी 20 वर्ष नामक विवाहिता की मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में तेंदुआ कला गांव निवासी सह मृतका के पिता वीरबल सिंह ने हुसैनाबाद थाना में मृतका के पति संजीत सिंह, श्वसुर शंकर सिंह,सास परबतिया देवी,भैसुर मनीष सिंह और गोतनी पूजा देवी सभी ग्राम दरूआ निवासी के विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरी बेटी की शादी 14 मई 2022 को शंकर सिंह के पुत्र संजीत सिंह के साथ हिन्दु रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी में हैसियत के अनुसार जमीन बेचकर 8 लाख रुपए नगद दिए थे, शादी के बाद से ही मेरी बेटी को दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित किया जाने लगा। परंतु उनकी खुशी के लिए उसके बाद कर्ज लेकर 75 हजार रुपए पहुंचा दिया। लेकिन घर के सभी सदस्यों के द्वारा मारपीट करना जारी रखा। लड़का का अवैध संबंध अपनी भाभी के साथ होने के कारण की सूचना पूर्व में मेरी बेटी ने दी थी। जिसके कारण सभी घर के सदस्यों ने मिलकर मारपीट कर गला दबाकर गुरुवार को मार डाला। इसकी सूचना गांव के लोगों द्वारा मिली। पुत्री के घर जाने के बाद शव पड़ा हुआ था। तत्पश्चात इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी। पुलिस ने दरूआ गांव पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं घर के सभी लोग घर छोड़कर फरार हो गए थे ।

# जिप सदस्य ने किया मलवरिया विद्यालय में मॉडलर किचन निर्माण का शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के लोटनिया पंचायत अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मलवरिया में मॉडलर किचन का शिलान्यास उतरी जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता, मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल बाबू वार्ड सदस्य गुड़िया देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया।मौके पर जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि उत्तरी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध हैं।प्राथमिकता के आधार पर शिक्षा,स्वास्थ्य, सड़क समेत सभी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।मौके पर पंचायत के मुखिया लाल बाबू ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस तरह अपना आशीर्वाद देकर हमे अपना प्रतिनिधि चुनने का कार्य किया है उनकी जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास लगातार जारी है।मौके पर मुख्य रूप से बिद्यालय के प्रधानाध्यापक बिगन बैठा, बिद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष चितरंजन कुमार सिंह, रामसुंदर मेहता सुरेश मेहता, उदय यादव ,अजीत मेहता ,विनय मेहता ,सुरेंद्र सिंह, अवध मेहता ,मथुरा मेहता ,अशोक मेहता, मुकेश राम ,उपेंद्र सिंह, अशोक सिंह, हरी मेहता ,संजीव कुमार सिंह ,कुसुम देवी, कबूतरी देवी ,शोषिता देवी, कमला देवी, विगनी देवी, जनेश्वर राम समेत कई ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# गांजा के साथ चैनपुर के प्रमुख पति समेत तीन गिरफ्तार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना पुलिस ने चैनपुर प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी के पति ध्रुव साव को गांजा बेचते चैनपुर प्रखंड कार्यालय के समीप से गिरफ्तार किया है। ध्रुव के पास से 14 किलो गांजा बरामद किया गया है। उसकी निशानदेही पर पनेरी बांध से रंजीत जायसवाल को 3 किलो तथा महुगावां गांव में छापामारी कर विक्रम महतो को उसके राशन दुकान से 1.400 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। रंजीत हुसैनाबाद का रहने वाला है और पनेरी बांध में किराए के मकान में रहता है। चैनपुर पुलिस ने गुरूवार की रात लगातार छापामारी में 18.4 किलो गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार प्रखंड प्रमुख पति पूर्व में भी गांजा बेचने के आरोप में जेल जा चुका है। ध्रुव की पत्नी चैनपुर प्रखंड के बूढ़ीवीर से पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित होने के बाद प्रखंड प्रमुख पद पर चयनित हुई है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि महुगावां स्थित राशन दुकान में गांजा बेचा जा रहा है। वहां पर छापामारी के बाद अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान अन्य जगहों से भी गांजा के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में एसडीपीओ सुरजीत कुमार, चैनपुर थाना प्रभारी अक्षय कुमार, पुअनि अमन कुमार व बिट्टू कुमार साहा, एएसआई राजीव कुमार, सुधीर कुमार व राजेश शमा समेत पुलिस जवान नंददेव राम, सूरज कुमार सिंह, अनुराग सिंह शामिल थे।

# पंडितों ने बैठक कर दुर्गा पूजा को लेकर लिये कई अहम निर्णय



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता पंडित नागेंद्र प्रसाद पांडे ने किया। जबकि संचालन पिंटू पांडे ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा को लेकर कई अहम निर्णय लिए। नवरात्र के कलश स्थापना से लेकर मूर्ति विसर्जन तक की तिथि व समय निर्धारित की गई। जिसके अनुसार कलश स्थापना 26 सितंबर को बेल बरन पूजा। प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा 2.10 दिन रविवार को होगा। संधी पूजा 3:10, दिन सोमवार को 3:00 बजे से शुरू होकर 3:59 पर होगा। महानवमी पूजा 4.10. 2022 दिन मंगलवार को। दशहरा 5.10.22 दिन बुधवार को होगा। 5 तारीख को ही नवरात्र पारण नीलकंठ दर्शन जयंती ग्रहण आदि सभी पर्व होगा। राज परंपरा के अनुसार 6 अक्टूबर दिन गुरुवार को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। इस बैठक में राजपुरोहित अच्युतानंद पांडे, संजय पांडे, सच्चिदानंद पांडे, गोपाल पांडे, दिनेश चौबे, श्याम किशोर पाठक, राजू पांडे आदि मौजूद थे।

# जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला योजना पदाधिकारी ने बुनियादी शिक्षा अभियान का किया शुभारंभ



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी जिला पलामू में शुक्रवार को बुनियादी शिक्षा अभियान का शुभारंभ किया गया।समाहरणालय के सभागार में जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी एवं जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार ने संयुक्त रूप से इस अभियान का शुभारंभ किया।इस अभियान के तहत जिले के 306 स्कूलों में 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत बच्चों की बुनियादी साक्षरता,भाषा,ज्ञान एवं संख्यात्मक ज्ञान,पुस्तकालय,विद्यालय प्रबंधन समिति सहित बाल संसद के महत्व एवं भूमिका पर कार्य किया जायेगा। शिक्षा विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह बुनियादी शिक्षा अभियान चलाया जायेगा।जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार ने इस अभियान को महत्वपूर्ण बताया और इसको शत प्रतिशत लागू करने की बात कही।वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री चौधरी ने कहा कि इस अभियान के तहत वैसे बच्चें जिनकी बुनियादी शिक्षा स्तर मजबूत नहीं है जिनके परीक्षा फल खराब होते हैं वैसे बच्चों को चिन्हित करते हुए उनका अलग से क्लास लिया जाएगा और उनके बुनियादी शिक्षा स्तर को बेहतर बनाया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन पिरामल फाउंडेशन के अभिषेक कश्यप ने किया।मौके पर उपरोक्त के अलावे सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,बीपीओ,रमायन कुमार, अनिल कुमार,अंजली पांडेय समेत अन्य उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जेल में बंद पूर्व विधायक संजीव सिंह दांत दर्द से परेशान, कड़ी सुरक्षा में लाये गये दंत अस्पताल



झरिया (आजाद सिपाही)। पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या का षड्यंत्र रचने के आरोप में जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह दांत में दर्द के काफी परेशान हैं। अदालत के आदेश पर संजीव सिंह को शुक्रवार की सुबह धनबाद मंडल कारा से बैंक मोड़ गुरुद्वारा के पास निजी अस्पताल में दांत के इलाज के लिए पुलिस के कड़े पहले में ले जाया गया है। संजीव सिंह की ओर से इस संबंध में एमपी एमएलए के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में आवेदन दाखिल कर अनुमति मांगी गई थी। अदालत ने संजीव सिंह की अर्जी को मंजूर करते हुए जेल प्रबंधन को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संजीव सिंह का इलाज कराने के लिए बैंक मोर ले जाने की इजाजत दे दी थी। उधर, पति के साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी मौजूद थी। रागिनी सिंह ने बताया करीब 15 दिनों से दांत में दर्द था। डॉक्टर ने बताया कि संक्रमण के कारण यह समस्या हुई। वहीं, साई डेंटल क्लिनिक के चिकित्सक डॉ सौरव पूर्वी (रूट कैनाल स्पेशलिस्ट) ने बताया कि संजीव सिंह के दांत में कीड़ा लग गया है। इसका इलाज रूट कैनाल है जिसमें समय लगता है। एक सप्ताह के ट्रीटमेंट के बाद दवाई दे दी जाएगी। संजीव सिंह का इलाज शुरू कर दिया गया है।

### अवैध पत्थर लदे दो ट्रैक्टरों को ग्रामीणों ने पकड़ कर लोयाबाद पुलिस को सौंपा



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। गोप्पा ग्राउण्ड के समीप स्थित बांसजोडा कोलियरी क्षेत्रों से पत्थरों को एक संगठित गिरोह द्वारा बड़े पैमाने पर तस्करी का खुलासा शुक्रवार को तब हुआ जब ग्रामीणों ने अवैध पत्थरों से लदा दो ट्रेक्टर को पकड़ लिया। घटना अहले सुबह की है। ग्रामीण ने उक्त दोनों ट्रेक्टरों को लोयाबाद पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक प्रतिदिन की तरह इस दिन भी बांसजोडा कोलियरी क्षेत्र से पत्थर लोड कर दो ट्रेक्टर तेतुलमारी जा रहे थ। तभी ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। बताया गया कि प्रतिदिन छह ट्रेक्टरों से पत्थर की ढुलाई की जा रही थी। पत्थर को तेतुलमारी से अन्यत्र टपाने का काम किया जाता है। करीब पांच हजार रुपये प्रति ट्रेक्टर पत्थर बेचा जाता है। बांसजोडा कोलियरी पीओ एके झा से जब इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पत्थरों से लदे ट्रेक्टर के पकड़े जाने या पत्थरों की तस्करी के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। इस लिए इस संबंध में थाना में कोई शिकायत नहीं की जाएगी। वहीं, थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने कहा इस संबंध में खनन विभाग को पत्र लिखा गया है। वहां से जवाब आने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में आनंद मेले का आयोजन



धनबाद (आजाद सिपाही)। एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को एक दिवसीय आनंद मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 24 स्टॉल लगाए गये। बीएड संकाय की ओर से 9 स्टॉल और अन्य विषयों की छात्राओं द्वारा 15 स्टॉल लगाए। आदिवासी खानपान के दो और आदिवासी कला संस्कृति के दो स्टॉल लगाए गए थे। महाविद्यालय की सभी छात्राओं ने इसमें बढ़-चढ कर हिस्सा लिया। मेले का उद्घाटन कुलपति सुखदेव भोईस उनकी पत्नी मनोरमा दास एवं प्रति कुलपति ने किया। मेले में प्राचार्या शर्मिला रानी सहित महाविद्यालय की शिक्षिकाएं, शिक्षक आदि उपस्थित थे।

### पूर्व बियाडा अध्यक्ष ने किया बांसजोरा रेल लाइन का निरीक्षण

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा शुक्रवार को बांसजोड़ा रेल लाइन का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ बांसजोड़ा रेलवे स्टेशन और गड़ेरिया साइडिंग का जायजा लिया। इस दौरान कहा कि ऊपरी सतह पर रेल लाइन में किसी तरह की दिक्कत नहीं है।लेकिन भीतर का हाल तो विशेषज्ञ बताएंगे। उन्होंने रेल लाइन के किनारे उस बोरहोल को देखा, जिससे पानी, केमिकल, डाला जाता था।रियल मोनिटरिंग सिस्टम लगा हुआ था, जिसके चोरी होने के बाद दोबारा नहीं लगाया गया। आरोप लगाया कि बीसीसीएल प्रबंधन जानबूझकर रेल लाइन का रख रखाव बंद कर दिया। आज इस लाइन से 44 जोड़ी ट्रेने गुजरती है।

### वृद्ध महिला को झांसा देकर पांच हजार झपट बदमाश हुआ फरार


झरिया/गतडीह (आजाद सिपाही)। झरिया थाना क्षेत्र के भगतडीह मोड़ स्थित बीओआइ के समीप शुक्रवार की दोपहर बाइक सवार अपराधी ने एक वृद्ध महिला को झांसा देकर उससे पांच हजार रुपए झपट कर फरार हो गया। पीड़िता की पहचान कमला देवी के रूप में हुई है। वह ऐना कोलियरी की रहने वाली है। वह बेहद गरीब है। मामले को लेकर वृद्धा ने बैंक प्रबंधक को सूचना दी। इस पर प्रबंधक ने इसकी सूचना झरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की भी जांच की। वृद्धा ने बताया कि बैंक से पांच हजार रुपए निकाल कर अपने घर जा रही थी। तभी बैंक से महज पांच कदम की दूरी पर बाइक सवार एक युवक पैसे कम होने की बात कहकर बैल चलने को कहा। यह कर कर पैसे और पासबुक ले लिया और बैंक घूसते ही पैसे लेकर फरार हो गया।

### पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आपसी समन्वय बनाकर काम करने की दी सलाह

# लंबित याचिकाओं के निष्पादन में तेजी लायें : डॉ नीरा यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** विधानसभा की याचिका समिति के प्रभारी सभापति सह कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि जनता से जुड़े जन मुद्दों के निष्पादन में प्रशासनिक अधिकारी तेजी लाएं। आपस में संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य निष्पादित करें। इसमें किसी भी तरह की कोई कोताही नहीं हो, इसे सुनिश्चित करें। विधानसभा की याचिका समिति ने जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित 45 मामलों पर क्रमवार सुनवाई की। जिसमें जिला खाद्य तीनों सदस्यों ने विस्तार से सभी मामलों की सुनवाई की। याचिकाकर्ता के आवेदन एवं उसके निष्पादन/अधिकारियों के पक्ष आदि की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी को कुछ दायर याचिकाओं के संबंध में जांच पड़ताल कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया। कई मामलों में एक सप्ताह से लेकर एक माह तक निष्पादन का समय दिया। वहीं, समिति ने जिले के प्रदर्शन पर संतोष जताया। दूसरी ओर, बैठक में उपस्थित गोड्डा विधायक अमीत कुमार मंडल ने भी आम जनों से संबंधित कुछ स्थानीय शिकायतों की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। इसके बाद समिति ने जिले में लंबित मामलों का प्रतिवेदन समर्पित करने को निर्देश दिया। साथ ही, राइट टू सर्विस एक्ट के तहत निर्बंधित सेवाओं को ससमय आम जनों को मुहैया कराने पर बल देने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी कीर्तीश्री, अपार समाहर्ता सदात अनवर, चास अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, जिला भूअर्जन पदाधिकारी जेम्स सुरीन सहित अन्य लोग मौजूद थे।



पत्रकारों से बात करतीं कोडरमा की विधायक डॉ नीरा यादव व अन्य।

### लगातार बारिश से दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ा

धनबाद (आजाद सिपाही)। लगातार हो रही बारिश व तेनुघाट डैम से पानी छोड़े जाने के कारण गुरूवार की रात से ही दामोदर नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। नदी का जलस्तर 460 आरएल से ऊपर हो गया है। साथ ही बहाव के साथ शैवाल, कचरा भी आ रहा है। जिस कारण झमाडा के जामाडोबा जल संयंत्र के इंटेकवेल के चार पंप के बॉल में कचरा फंस गया।

## गोल की टीम शानदार, सफलता का मार्ग किया प्रशस्त : सौरभ सागर

**साक्षात्कार**




नीट का रिजल्ट आ चुका है। राज्य के कई छात्रों ने बहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्हीं में से एक हैं सौरभ सागर। **आजाद सिपाही** संवाददाता कमलेश कुमार ने सौरभ सागर से उनकी सफलता को लेकर खास बातचीत की।

*सौरभ सागर आपको नीट में सफलता की बधाई। रिजल्ट के बाद कैसा महसूस कर रहे हैं ?*

आपके साथ-साथ गोल इंस्टीट्यूट को धन्यवाद। स्वाभाविक है की जो मैंने सपना देखा था वह पूरा होने जा रहा है, सारे लोग बहुत खुश हैं।

*आपने 10वीं और 10+2 की पढ़ाई कहां से और कितने मार्क्स आए ?*

मेरा 10वीं भूली डिनोबली से और 12वीं आईएसएल झरिया से जिसमें 90 फीसदी मार्क्स आए थे। 10वीं एवं 12वीं के साथ ही मैंने गोल इंस्टीट्यूट धनबाद के हॉस्टल से नीट की तैयारी की ।

*गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय सर बताते है कि बहुत सारे छात्रों ने 600 प्लस में बहुत अच्छे मार्क्स लाएं, आपका 605 से और भी ज्यादा आ सकता था। क्या कुछ कहेंगे आप?*

गोल के टेस्ट में मेरा सदैव टॉप पांच में ही मार्क्स आता था, लेकिन और कंपेटीटर से मेरा कंडीशन कुछ अलग था। संजय सर का लड़के होने के कारण भी हमको हमारे अभिभावक, शिक्षक गण एवं प्रबंधन को हमसे ज्यादा उम्मीदें थी। बावजूद इसके हमने दबाव को अच्छे से हैंडल किया। आगे मुझे विश्वास है कि पीजी में और बेस्ट कॉलेज ले लेंगे।

*नीट तैयारी करने वाले छात्रों को आपका क्या संदेश है ?*

कभी भी गीभ अप ना करें, धैर्य के साथ गंभीरता बनाए रखें। हर दिन अपना बेस्ट दें। कूल कूल रहते हुए, हंसते हुए तैयारी करें। कभी भी पैनिक न हो। डाउट क्लियर करते चले। अपने लक्ष्य को प्रतिष्ठा से जोड़ें। टेस्ट एवं क्लास ना छोड़े और अपनी कमियों पर काम करें। हर दिन 10-12 घंटे की पढ़ाई करें। अपने खुद के काबिलियत पर कभी संदेह ना करें। निगेटिव मानसिकता वाले लोगों से दूर रहें जो आपके आत्मविश्वास को कम करते है और अपने लाइफ में एक उचित मार्गदर्शक जरूर चुनें जो हमारे लिए बिपिन सर व संजय सर है।

*आप अपने सफलता का श्रेय किसको देना चाहेंगे ?*

मैं अपने सफलता का श्रेय मां-पिता के साथ ही गोल की पूरी टीम को देना चाहूंगा, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में मुझे मार्गदर्शीत एवं मोटीवेट किया।

*नीट क्रेक करने में आपके लिए सबसे बड़ी चुनौती क्या थी ?*

संजय सर का बेटा होकर नीट ब्रेक करना मेरे लिए आसान नहीं था। कई बार ऐसा होता है कि आपके पास हारने के लिए कुछ नहीं होता, तब आप अपना बेस्ट देते है। पर मेरे साथ ऐसा था कि बेशक नीट क्रेक करने के बाद मेरे लिए बहुत कुछ चीजें अच्छी हो सकती थी, लेकिन इस बात का डर हमेशा रहता था कि लोग क्या कहेंगे। जब संजय सर का बेटा ही डॉक्टर नहीं बन पाया। इस प्रकार के प्रेशर को हैंडल करना मेरे लिए सबसे वड़ी चुनौती थी।

### संजय सर ने कहा




गर्व है कि गोल अबतक 16 हजार से अधिक छात्र मेडिकल में सफलता हासिल कर देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। दृढ़ संकल्प एवं दृढ़ निश्चय के साथ आत्मविश्वास ही छात्रों के लिए नीट में सफलता मुश्किल नहीं। वो संस्थान के दिशानिर्देश के साथ तैयारी करें। सब की दुआएं आशीर्वाद के साथ हर एक रिजल्ट ओरिएंटेड व्यवस्थाओं का लाभ उठाएं। बेहिचक मन में आए शंकाओं, जिज्ञासाओं और समस्याओं को हमसे शेयर करें । एक बात सदैव याद रखें कि आप छात्रों के कंधे पर आपका परिवार, समाज एवं राष्ट्र का भविष्य टिका है, आप सफल होकर आने वाली पीढ़ी का आइकॉन बने, मार्गदर्शक बने। सबके उम्मीदों पर खरे उतरे। जब छात्र परीक्षा दे रहे होते हैं तो साथ में आपके अभिभावक, शुभचिंतक की भी अग्नि परीक्षा होती हैं। किसी भी विपरीत हालात में निराशा को हावी नहीं होने दे।

### वारी एनर्जी लिमिटेड का ओपन कैंपस सेलेक्सन




बोकारो (आजाद सिपाही)। सिद्धू-कान्हू आइटीआई चास में गुजरात की एक प्रतिष्ठित कंपनी वारी एनर्जी लिमिटेड का ओपन कैंपस सेलेक्सन हुआ। वारी एनर्जी लिमिटेड एक सोलर पैनल निमार्ता कंपनी है। कंपनी द्वारा इलेक्ट्रीशियन, फीटर, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि ट्रेड के पास आउट ट्रेनी छात्रों की लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार हुआ जिसमें 93 विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें से 36 को प्रोसेसिंग ऑपरेटर और क्वालिटी नियंत्रक के पद के लिए चयन किया गया। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद मौके पर ही कंपनी की ओर से ऑफर लेटर दिया गया। इस अवसर पर वारी एनर्जी लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव भुवनेश सिंह दलावत, सहायक अधिकारी भूपेंद्र सिंह, सिद्धू कान्हू आइटीआई के सेंटर इंचार्ज राजा राम शर्मा, निरंजन कुमार महतो, अंग्रेज सिंह चौधरी, पंकज कुमार और उत्तम कुमार आदि उपस्थित थे।

### राजापुर कोलियरी में लोहा चोरों का तांडव, सेंधमारी कर लूट ली लाखों की सामग्री



भगतडीह (आजाद सिपाही)। कोयला तस्करी के साथ ही कोलियरियों में लोहा चोरों का आतंक भी चरम पर है। गुरुवार की रात सशस्त्र अपराधियों ने राजापुर कोलियरी गोदाम में सेंधमारी कर करीब पांच लाख रुपये की लौह सामग्री और कीमती पार्ट्स लूट लिये। इससे कर्मियों में हड़कंप है। वहीं ड्यूटी पर तैनात बीसीसीएल के चार आंतरिक सुरक्षा गार्ड संदेह के घेरे में है। प्रबंधन इन गार्ड की भूमिका की पड़ताल कर रहा है। जानकारी के मुताबिक रात 30 की संख्या में नकाबपोश अपराधियों ने धावा बोल दिया। इसके बाद राजापुर वर्कशॉप के पीछे सेंधमारी कर गोदाम के अंदर प्रवेश किए और कीमती पार्ट सहित करीब पांच लाख के लौह सामग्री लूटकर चार पहिया वाहन से लेकर चलते बने। गोदाम से महज 50 मीटर की दूरी पर ही बीसीसीएल के चार सुरक्षा गार्ड ड्यूटी पर तैनात हैं। पर उन लोगों ने ना तो प्रबंधन और ना ही सीआइएसएफ को घटना की सूचना दी। जिससे चारों गार्ड संदेह के घेरे में है। वहीं सुरक्षा गार्ड का कहना है कि लुटेरे हथियारों से लैस और अधिक संख्या में थे। इन लिए वे कुछ नहीं कर सके। हालांकि राजापुर पीओ वीके पांडे इस मामले की छानबीन करने में जुट गई है। उधर, राजापुर परियोजना के तेल गोदाम में भी शुक्रवार को दिनहाड़े लुटेरों ने कर्मियों को बंधक बनाकर एक बैटरी और क्रेन का कीमती पार्ट्स लूट लिए। इंचार्ज भरत गोराई ने कहा कि 15 की संख्या में लुटेरे पहुंचे थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**
प्रपत्र संख्या-1

**अति अल्पकालीन ई- निविदा (पंचम आमंत्रण)**

निविदा संख्या :- 16/JMT/2022-23 दिनांक 16.09.2022

The undersigned, on behalf of the Government of Jharkhand, invites Percentage rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered with Drinking Water & Sanitation Department, Government of Jharkhand. Contractor which having experience of O & M of water supply scheme registered in department only. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtenders.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| क्र० स० | विवरणी: कार्य का नाम | ग्रुप/संख्या | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | अग्रिम जमानत की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for **Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya** under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2022-23 (5th Call) | JMT/ URBAN | 56,42,742/- | 1,13,000.00 | 10000.00 | 12 Month |
| 2 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for **Urban Water Supply Scheme Koderma** under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2022-23 (5th Call) | KOD/ Urban | 11,70,543/- | 24,000/- | 2500/- | 12 Month |
| 3 | वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि एवं समय | | 19.09.2022 at 5.00 अपराह्न | | | |
| 4 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 24.09.2022 को 5.00 अपराह्न तक | | | |
| 5 | परिमाण विपत्र एवं अग्रिम जमानत की राशि जमा करने की अंतिम तिथि (मूल रूप में) | | 27-09-2022 को 1.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया एवं अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग | | | |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | | 27-09-2022 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | निविदा करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा खोले जाने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का नाम | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा करनेवाले कार्यालय का संपर्क | | 06534-222505, 09931577959, ईमेल आईडी – eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 10 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | | 0651-2480345 | | | |

• विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है ! स्वच्छता प्राण है !

(ई० चन्द्रशेखर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR 278016 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**
E-mail: eebcdhazaribag-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या – 01/2022–23**

1. वाणिज्यकर विभाग के अन्तर्गत हजारीबाग में नये GST कार्यालय हेतु तकनीकी स्वीकृति प्राप्त प्राक्कलित राशि रु0 9,92,37,500/= (नौ करोड़ बेरान्वे लाख सैंतीस हजार पाँच सौ) मात्र का भवन निर्माण किया जाना है जिसकी एकरारनामा भी की जा चुकी है। नया भवन का निर्माण पुराने वाणिज्य कर कार्यालय, हजारीबाग को तोड़कर उसी जगह पर ही स्वीकृति दी गई है।
   उक्त आलोक में पुराने भवन को ध्वस्त करने एवं साल्वेज का प्राक्कलन तैयार कर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, हजारीबाग को पत्रांक 748/अनु०, दिनांक 09.07.2021 को अनुमोदन हेतु समर्पित किया गया।
   अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, हजारीबाग द्वारा अनुमोदन हेतु मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची को पत्रांक 466/अनु०,दिनांक 20.07.2022 को अग्रसारित किया गया। मुख्य अभियंता के पत्रांक 1136/अनु०, दिनांक 22.08.2022 के द्वारा पुराने भवन को ध्वस्त/तोड़ने तथा साल्वेज के प्राक्कलन क्रमश रु0 12,10,774/– तथा कुल साल्वेज राशि रु0 14,16,391/– पर अनुमोदन प्रदान करते हुए प्राक्कलन भवन प्रमंडल, हजारीबाग को अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु लौटाया गया।
2. प्रत्येक नीलामी देने वाले को Salvage राशि रु० 14,16,391/= एवं प्राक्कलित राशि रु0 12,10,774/= जिसकी अंतर राशि रु0 2,05,617/= की 5% (पाँच प्रतिशत) अग्रधन के रूप मे राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा या किसी राष्ट्रीकृत बैंक की बैंक गारण्टी (छः माह के लिए वैध) के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
3. तुलनात्मक विवरणी स्वीकृति के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, हजारीबाग के नाम से जमा कर देना होगा। ड्राफ्ट राष्ट्रीकृत बैंक का बना होना चाहिए एवं मुख्य शाखा, राँची के नाम से भुगतेय होना चाहिए।
4. नीलामी की न्यूतम राशि रु० 2,05,617/= मात्र है।
5. नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 27.09.2022 को 03:00 बजे अपराहन मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में होगी। ऊँची बोली लगाने वाले को कार्य सम्पादन हेतु आदेशित किया जाऐगा।
6. आदेश की तिथि से 10 दिनों के अंदर भवन तोड़कर सभी सामग्रियों को स्थल से हटा देना होगा इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि लौटायी जा सकेगी, अन्यथा यह जब्त कर ली जाऐगी।
7. रखरखाव सामग्री को हटाते समय यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी, बल्कि नीलामी दाता की होगी।
8. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति भवन के नीलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को निरीक्षण कर सकते है।
9. बिना कारण बताये नीलामी को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
10. विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, हजारीबाग

PR277954 (Building)22-23*D


### गोमिया, पेटरवार एवं कसमार में हुआ शिक्षा मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत

# हेमंत सरकार ने जो वादा किया उसे निभाया : जगरनाथ महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कसमार।** राज्य सरकार द्वारा 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति लागू करने संबंधी प्रस्ताव कैबिनेट में पारित करने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पेटरवार में विशाल जुलूस निकाला गया। यहां कार्यकताओं ने शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो का भव्य स्वागत भी किया। पेटरवार कसमार, गोमिया प्रखंड से पहुंचे झामुमो कार्यकर्ताओं ने पारंपारिक ढोल, नगाड़ा एवं गीतों के साथ नृत्य कर खुशी जाहिर की। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय नीति की लड़ाई मेरा राजनीतिक जीवन का अहम हिस्सा रहा है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से ही मैं 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति की मांग को लेकर लगातार मुखर होकर संघर्ष करता रहा हूं। मैं ही पहला आंदोलनकारी हूं जिसे इस आंदोलन के कारण तीन महीने तक जेल में भी रहना पड़ा था। हमने वादा किया था कि खतियान आधारित स्थानीय नीति झामुमो सरकार जल्द लागू करेगी जिसे मंगलवार को हेमंत सरकार के नेतृत्व में कैबिनेट ने पारित किया। साथ ही ओबीसी का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने कहा कि गोमिया विधानसभा में ऐसे भई नेता हैं जो जिधर भोज उधर सोझ हो जाते है। आजसू वाले 1985 लागू करके मिठाइयां बांट रहे थे। ये लोग पलटू राम हैं। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लगातार झारखंडी हितों में काम कर रही है और आगे भी करेगी। वहीं गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य की है। चाहे पारा शिक्षकों का स्थायीकरण एवं मानदेय वृद्धि का मामला हो या आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का मानदेय वृद्धि एवं अन्य सुविधाओं का मामला हो, पुरानी पेंशन पुनः बहाल का मामला हो या ओबीसी का आरक्षण बढाकर 27 फीसदी करने का। उन्होंने स्थानीय विधायक की तीखी आलोचना भी की है। कहा इनसे कोई काम नहीं है इनका कोई सुनता नहीं है।इस मौके पर पूर्व विधायक बबीता देवी, झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी, अशोक मुर्मू, केंद्रीय नेता मनोहर मुर्मू, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो, दिलीप हेंब्रम, गोमिया प्रखंड अध्यक्ष लुदु मांझी, मुकेश महतो, प्रकाश महतो, बंटी उरांव, सिकंदर कपरदार, गिरीधारी महतो और शेरे आलम आदि थे।



पेटरवार में शिक्षामंत्री का गर्मजोशी से स्वागत करते झामुमो कार्यकर्ता व अन्य।

## स्कूली छात्रों के लिए टाटा स्टील यंग एस्ट्रोनॉमर टैलेंट सर्च कार्यक्रम आयोजित



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।'यंग एस्ट्रोनॉमर टैलेंट सर्च' प्रतियोगिता जो पहचान और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में स्कूली छात्रों की प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्कूलों में आयोजित किया गया है। यह आयोजन टाटा स्टील द्वारा पठानी सामंत प्लेनोटोरियम भुवनेश्वर के सहयोग से किया गया है। ढेंकनाल और अंगुल जिलों में ए प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन टाटा स्टील मेरामंडली संयंत्र और आसपास के स्कूलों में किया गया था। 17 से 21 सितंबर तक कक्षा 9वीं और 10वीं में पढ़ने वाले ओडिशा के सभी छात्र इसमें भाग ले सकते हैं। ग्रैंड फिनाले दिसंबर 2022 को भुवनेश्वर में होने वाला है। इस अवसर पर शीर्ष 20 विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

## लिंफोमा जागरूकता दिवस के अवसर पर किम्स के विशेषज्ञ डॉ जोगमाया पटनायक ने दी सलाह



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शरीर में लिम्फ नोड्स की सूजन को ज्यादा नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यदि यह बुखार, एनीमिया, पीलिया और कमजोरी आदि जैसे अन्य लक्षणों के साथ होता है तो तुरंत एक विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए, क्योंकि इससे लिम्फोमा हो सकता है। विश्व लिम्फोमा जागरूकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ जोगमाया पटनायक ने कहा कि निदान के लिए पूरे शरीर के स्कैन और अस्थि मज्जा परीक्षणों के साथ बायोप्सी और हिस्टोपैथोलॉजी की आवश्यकता होती है।

## खोरधारोड मंडल का स्वच्छता पखवाड़ा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। खोरधारोड मंडल 16 से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। रिंकेश राय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने शाखा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति वचनबद्ध रहने और आम जनता को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलायी। स्वच्छता शपथ का संचालन मंडल के सभी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों जैसे भुवनेश्वर, पुरी, खोरधारोड, बालूगांव, ब्रह्मपुर, पलासा, भद्रक, जाजपुर क्योंझर रोड आदि पर कर्मचारियों द्वारा किया गया। कर्मचारियों के लिए भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर एक कार्यशाला सह परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### सोआ विश्वविद्यालय में होगी सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट लैब

# ओड़िशा में जल्द ही 5जी दूरसंचार सेवाएं

**भारत में 2023 तक चलेंगी हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में जल्द ही 5-जी सेवा उपलब्ध होंगी। भुवनेश्वर में स्थित शिक्षा ओर अनुसंधान यूनिवर्सिटी में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में यह बात केंद्र आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव कही। इसके साथ ही सोआ में जल्द ही 5-जी लैब और एक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट लैब भी स्थापित किया जायेगा। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक करियर पर लिखी गयी किताब मोदी एट ट्वेंटी, ड्रीम मीट्स डिलीवरी पर विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए अश्विनी ने कहा कि देश के लिए सपने को साकार करना और दुनिया के शक्तिशाली देश को बराबरी का बनाना जरूरी है। भारत में 2023 में हाइड्रोजन ट्रेन चलेगी। भारतीय तकनीक का इस्तेमाल कर बन रहे इस ट्रेन का शुभारंभ अगले वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर किया जायेगा।

इसी तरह रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सभी जिला मुख्यालयों को रेल से जोड़ा जायेगा। इसके साथ ही केंद्र सरकार के स्टार्ट-अप कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार बड़ी परियोजनाओं को हाथ में लेने के लिए सहायता प्रदान कर रही है। 10 साल से भी कम समय में जब केवल 400 स्टार्ट-अप कंपनियां थीं, अब यह 75 हजार तक पहुंच गयी हैं, जिसमें 5 लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिल चुका है।

भारतीय रेलवे ने हाल के वर्षों में अपनी छवि को काफी बदली है। वंदे भारत, तेजस एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें इसका उदाहरण हैं। रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस भारत में सेमी- हाई स्पीडी और सबसे तेज चलने वाली ट्रेनों में से एक है। यह वर्तमान में भारत में निर्मित किया जा रहा है। पिछले दो साल से बिना किसी रुकावट के काम सुचारू रूप से चल रहा है। रेल मंत्री ने जानकारी दी है कि बंदे भारत सफल ट्रायल रन के बाद जल्द ही 72 ट्रेनों का प्रोडक्शन शुरू कर दिया जायेगा।

## 17 दिन में दुनिया के दूसरे अमीर कारोबारी बने अडाणी

**नयी दिल्ली।** भारतीय अरबपति गौतम अडाणी 154.7 अरब डॉलर (करीब 12.34 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी बन गये हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर्स लिस्ट के मुताबिक फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट को पछाड़ कर गौतम अडाणी ने ये मुकाम हासिल किया है। यह पहली बार है, जब कोई एशियाई फोर्ब्स बिलेनियर्स इंडेक्स के टॉप-2 में शामिल हुआ है। गौतम अडाणी अब रैंकिंग में केवल एलन मस्क से पीछे हैं। टेस्ला के फाउंडर एलन मस्क 21.83 लाख करोड़ (273.5 अरब डॉलर) की नेटवर्थ के साथ लिस्ट में पहले नंबर पर हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-
i. क्र. सं (1), ii. ई-नीलामी सूची : पब्लिसिटी, iii. ई-नीलामी सूची सं. : एयूसी-पीयूबी-2-22, iv. ई. नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : 10.10.2022, 11.00 बजे से, v. कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : खलारी, बोकारो थर्मल, लातेहार, पहाड़पुर, टोरी, गोमिया, परसाबाद, दुधीनगर, विन्ढमगंज एवं नगरउंटारी स्टेशन के अंदर सोल एडभरटाईजमेंट।
सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई.नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबन्ध (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद
पीआर/01058/डीएचएन/वा./टी./22-23/32
















































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109**, Postal Registration No. **RN/249/2019-21**